.वर्ष 14, अंक 164
गैरसैंण
सोमवार
16 अक्टूबर 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

14 अक्टूबर से शुरू होगा नवरात्रि महोत्सव, तैयारियां शुरू

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## चुनाव के दौरान झूठी शिकायतें करना पड़ेगा महंगा, कड़ी कार्रवाई की तैयारी में चुनाव आयोग




**नई दिल्ली, एजेंसी।** निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए चुनाव आयोग जहां हर प्रयास में जुटा हुआ है, वहीं राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों के साथ कुछ शरारती तत्वों की ओर से मिलने वाली झूठी शिकायतों से वह परेशान भी है। आयोग ने ऐसी झूठी शिकायतों व अफवाह फैलाने वालों से सख्ती से निपटने की योजना पर काम करना शुरू किया है।

शिकायत के झूठ पाए जाने या फिर यह साबित होने पर कि शिकायत किसी को परेशान करने के लिए की जा रही है, शिकायतकर्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उसके खिलाफ आपराधिक मामले भी दर्ज किए जा सकते है।

चुनावों के दौरान वैसे तो किसी भी तरह की गड़बड़ी या फिर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर नजर रखने के लिए चुनाव आयोग की ओर से पर्यवेक्षकों की एक बड़ी टीम तैनात की जाती है। इसके बावजूद भी चुनाव आयोग ने चुनावों में जनता की भागीदारी को बढ़ाने के लिए सी–विजिल (नागरिक सतर्कता) जैसी कई अहम पहल भी की है, जिसमें चुनावों में किसी को कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी दिखने पर वह सीधे उस एप पर जाकर शिकायत दर्ज कर सकता है। ऐसी शिकायतों के मिलने के बाद आयोग 100 मिनट यानी दो घंटे से भी कम समय में कार्रवाई भी शुरू कर देता है। साथ ही इसकी जानकारी शिकायतकर्ता को भी दी जाती है।

आयोग से जुड़े अधिकारियों की मानें तो पिछले चुनावों में जो देखने को मिला है, उनमें बड़ी संख्या में शिकायतें ऐसी थी, जो झूठी थी। यानी उन्हें गलत तरीके से पेश किया गया था। इन शिकायतों के मिलने के बाद प्रशासनिक टीम जब मौके पर पहुंची तो स्थिति कुछ और ही थी।

फिलहाल पांच राज्यों में हो रहे चुनाव के दौरान आयोग फिर से ऐसी झूठी शिकायतों को लेकर सतर्क हुआ है। साथ ही सी–विजिल एप पर मिलने वाली ऐसी शिकायतों पर पैनी नजर रखने के लिए निर्देश दिए हैं।

इस बीच, आयोग के सामने कई ऐसी शिकायतें भी आयी थी, जिसमें पुराने या फिर फोटो को छेड़छाड़ कर इस्तेमाल भी किया गया था।

फिलहाल आयोग ने पांचों चुनावी राज्यों के अधिकारियों को ऐसी शिकायतों को लेकर सतर्क किया है। अमूमन अब तक आयोग ऐसी शिकायतों के जांच में गलत पाए जाने के बाद उन्हें भूल जाता था और शिकायत करने वाले लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती थी।

## दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में महसूस किए गए भूकंप के तेज झटके

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली–ठउफ में रविवार दोपहर करीब चार बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र हरियाणा का फरीदाबाद रहा। झटके इतने तेज थे कि लोग घबराकर अपने अपने घरों से बाहर निकल गए। भूकंप की कंपन को एनसीआर के फरीदाबाद, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में भी महसूस किए गए। हालांकि कहीं से किसी प्रकार के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई।

पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार–बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का




रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों–ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि भूकंपीय आवृत्ति ऊपर की तरफ है या दायरे में। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा।

## महिला को मारने वाले आदमखोर गुलदार को मार डाला

टिहरी। जिले के कीर्तिनगर तहसील के ग्राम नैथाना के नज़दीक महिला को निवाला बनाने वाले गुलदार को जाय हुकिल ने टपका दिया। हुकिल का यह 47वां शिकार था।

गौरतलब है कि 11 अक्टूबर को गुलदार ने हमला कर महिला को अपना निवाला बना लिया था। इसके बाद पूरे इलाक़े में दहशत फैल गयी । ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए जंगलात विभाग ने आदमखोर गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाया। लेकिन बाघ पिंजड़े में नहीं फँसा फिर उसको ट्रैंक्वलाइज करने की कोशिश की गयी लेकिन नाकामयाबी मिली ।

उसके बाद शिकारी जॉय हुकिल को ज़िम्मेदारी दी गयी । आज गुलदार का अंत होने से ग्रामीणों ने चैन की सांस ली।

## डेंगू मरीज की मौत के बाद परिजनों का हंगामा

**हल्द्वानी।** नैनीताल रोड स्थित निजी अस्पताल में डेंगू के इलाज के लिए भर्ती हुए एक अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मूल रूप से ग्वाला कोट निवासी जगदीश मेहरा हल्द्वानी में टैक्सी चलाने का काम करते थे। शनिवार की सुबह करीब 11 बजे जगदीश कि डेंगू रिपोर्ट पॉजीटिव आई थी। इसके बाद वह निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती हुए थे। परिजनों के मुताबिक दोपहर 2 बजे करीब सीनियर डॉक्टर मरीज को देखकर वापस चले गए। इसके बाद से कोई भी चिकित्सक देखने या मरीज को अटेंड करने के लिए नहीं पहुंचा। आरोप है कि इलाज में लापरवाही बरती गई और प्लाज्मा मंगाने के बाद भी मरीज को नहीं चढ़ाया गया। इसके साथ ही ड्यूटी पर मौजूद जूनियर डॉक्टर पर नशे में होने और परिजनों से दुर्व्यवहार करने का भी आरोप लगाया जा रहा है। मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर सौंपी गई है।

## अचानक तबीयत बिगड़ने से बालिका की मौत

**रुद्रपुर।** अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से एक बालिका की मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार, बिहार मुजफ्फरपुर और हाल तीन पानी निवासी मुस्कान (12) पुत्री शिव शंकर की शनिवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। स्वास्थ्य अधिक खराब होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। मगर इस बीच उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली।

## तीन सप्ताह बाद भी पकड़ में नही आया गुलदार

**चम्पावत।** तीन सप्ताह बाद भी गुलदार पकड़ में नहीं आ सका है। दो रेंजों के 30 वन कर्मी गुलदार को पकड़ने में जुटे हैं। लेकिन उन्हें मायूसी हाथ लगी है। गुलदार की लोकेशन के लिए 15 कैमरे लगाए गए हैं। जबकि अलग–अलग स्थानों में चार पिंजरे लगाए गए हैं। टनकपुर–चम्पावत हाईवे से लगे सूखीढांग क्षेत्र में गुलदार का आतंक बना हुआ है। तीन सप्ताह का समय गुजर जाने के बावजूद गुलदार जंगल में लगाए चार पिंजरों के आसपास भी नहीं फटक रहा है। गुलदार को ट्रेंकुलाइज करने के लिए विशेषज्ञों और वन विभाग की टीम लगी हुई है,

## राष्ट्र निर्माण में डॉ. कलाम के अतुलनीय योगदान को हमेशा स्मरण किया जाएगा : पीएम मोदी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन के नाम से मशहूर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को सदैव श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति कलाम को उनकी जयंती पर याद करते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, अपने विनम्र व्यवहार और विशिष्ट वैज्ञानिक प्रतिभा को लेकर जन–जन के चहेते रहे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर कोटि–कोटि नमन। राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को सदैव श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाएगा।

देश की सुरक्षा को अभेद्य बनाने में उनके योगदान को याद करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, ज्ञान और विज्ञान के अद्भुत संयोजन से डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने देश की सुरक्षा को अभेद्य बनाने में अहम योगदान दिया।

## इजरायल ने सीरिया के अलेप्पो हवाईअड्डे पर फिर दागी मिसाइल

**दमिश्क, एजेंसी।** इजरायल ने शनिवार रात उत्तरी सीरिया के अलेप्पो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मिसाइल दागी। सीरियाई सरकारी टीवी के अनुसार तीन दिनों के भीतर हवाईअड्डे पर होने वाला इजरायल का यह दूसरा हमला है। एक रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को इजरायल ने राजधानी दमिश्क और अलेप्पो के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर हमला किया, जिससे रनवे को नुकसान पहुंचाने के बाद उन्हें अस्थायी रूप से सेवा से बंद कर दिया गया। शनिवार को सीरियाई परिवहन मंत्रालय ने कहा कि क्षति ठीक होने के बाद अलेप्पो हवाईअड्डा पर सेवाएं बहाल कर दी गई हैं।

## वायुसेना में विदेशी मशीन की विदाई, फाइटर जेट्स अब 'अंगद' और 'उत्तम' से लैस होंगे, बढ़ेगी ताकत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सेना को लगातार अपग्रेड करने का प्रयास हो रहा है। उन्नत तकनीकों से सेना को लैस करने के साथ–साथ स्वदेशी तकनीक के इस्तेमाल पर भी पूरा जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में अब विदेश से आयात किए गए सिस्टम को विदा कर लड़ाकू विमानों में अंगद और उत्तम नाम के स्वदेशी सिस्टम को इंस्टॉल कराने का फैसला लिया गया है। स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमानों (एलसीए) को 'उत्तम' रडार से सुसज्जित किया जाएगा। इसके अलावा 'अंगद' इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट को भी विमानों में इंस्टॉल कराने



का फैसला लिया गया है। सेना ने एक बयान में बताया कि इन तकनीकों के इस्तेमाल से सेना की ताकत बढ़ेगी। विदेशी सिस्टम पर निर्भरता कम होगी।

सेना ने एक बयान में कहा, सैन्य हथियार प्रणालियों के स्वदेशीकरण के प्रयास हो रहे हैं। इसी कड़ी में भारत में निर्मित हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) –मार्क1ए को 'उत्तम' रडार और 'अंगद' इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट से सुसज्जित किया जाएगा। रक्षा अधिकारियों के हवाले से समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया, उत्तम एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड एरे रडार और अंगद इलेक्ट्रॉनिक वार-फेयर सूट को स्वदेशी रूप से विकसित किया जा रहा है। यह बहुत जल्द एलसीए मार्क–1ए विमान के साथ इंटीग्रेट होने के लिए तैयार हो जाएगा।भारतीय वायुसेना पहले ही 83 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमानों के लिए ऑर्डर दे चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, सेना निकट भविष्य में 97 और विमानों के लिए ऑर्डर देने जा रही है। एक सूत्र ने कहा, "41वें विमान से लेकर 83 एलसीए मार्क1ए विमानों के ऑर्डर तक, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट और एईएसए रडार भारत में बनाए जाएंगे, जिससे इन विमानों में स्वदेशी सामग्री बढ़ेंगे। आयात पर निर्भरता काफी कम हो जाएगी।परियोजनाओं को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (ऊफ्क्ष्ड) की अलग–अलग प्रयोगशालाओं में कार्यान्वित किया जा रहा है। रक्षा उद्योग में रोजगार के अवसर पैदा करते हुए एलसीए को स्वदेशी हथियार प्रणालियों के साथ फिर से स्थापित करने पर जोर देने से विदेशी मुद्रा में लाखों की बचत होगी।

## 14 नवंबर को बंद होंगे गंगोत्री धाम के कपाट




**उत्तरकाशी, एजेंसी।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने की तिथि व मुहूर्त तय किया गया। गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए 14 नवंबर को अन्नकूट के पावन पर्व पर अभिजीत मुहूर्त की शुभ बेला पर 11 बजकर 45 मिनट पर बंद किए जाएंगे। उधर, यमुनोत्री धाम के कपाट 15 नवंबर को बंद किए जाएंगे, जिसका समय विजयदशमी पर्व के दिन तय होगा।

बता दें कि हर साल शारदीय नवरात्र के पहले दिन गंगोत्री मंदिर समिति एवं तीर्थ पुरोहित धाम के कपाट बंद होने की तिथि व मुहूर्त निकालते हैं। श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि 14 नवंबर को कपाट बंद होने के बाद मां गंगा की उत्सव डोली अपने मायके मुखीमठ मुखबा के लिए प्रस्थान करेगी। रात्रि निवास भैरोघाटी स्थित देवी मंदिर में होगा। इसके अगले दिन 15 नवंबर को भाईदूज के पर्व पर मां गंगा की उत्सव डोली अपने मायके मुखबा मुखीमठ में पहुंचेगी। जहां मां गंगा का स्वागत एक बेटी की तरह गांव के ग्रामीणों द्वारा किया जाएगा।बताया कि शीतकाल के छह माह तक मां गंगा की पूजा मुखबा स्थित गंगा मंदिर में होगी। पुरोहित महासभा के अध्यक्ष पुरूषोत्तम उनियाल ने बताया कि यमुनोत्री धाम की कपाटबंदी का समय विजयदशमी के पर्व पर तय किया जाएगा।बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने की तिथि 24 अक्तूबर को विजयादशमी के दिन तिथि व मुहूर्त तय होगी। वहीं, केदारनाथ धाम के कपाट 15 नवंबर को भाई दूज के दिन बंद करने की परंपरा है।

## केदारनाथ मंदिर परिसर में सीजन की पहली बर्फबारी

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम स्थित मंदिर परिसर में सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। हालांकि इससे पहले केदारनाथ से लगी पहाड़ियों में बर्फबारी हो चुकी है। बर्फबारी देखते हुए तीर्थयात्री, स्थानीय लोग, तीर्थपुरोहित और व्यापारी सभी खुश हुए। नवरात्र के पहले दिन हुई बर्फबारी को प्रकृति के साथ ही आम जन मानस के लिए भी बेहतर बताया गया। रविवार को केदारनाथ धाम में 12 बजे से बर्फबारी शुरू हो गई। इस सीजन में पहली बार मंदिर परिसर में बर्फबारी होने का सिलसिला शुरू हुआ है। इससे पहले केदारनाथ की पहाड़ियों में बर्फबारी हुई थी। हालांकि रविवार को सुबह से ही केदारनाथ में बर्फबारी के लिए मौसम बना था जबकि मुख्यालय सहित निचले स्थानों पर आसमान में हल्के बादल लगे थे।

धूप में तेजी नहीं थी। कुछ समय हल्की हवाएं भी चली। केदारनाथ धाम में 12 बजे से बर्फबारी होनी शुरू हुई जो करीब एक घंटे से भी अधिक समय तक चलती रही। अभी मौसम में वह तेज ठंडक न होने से बर्फ ज्यादा देर रुक नहीं सकी। तीर्थयात्री एवं स्थानीय लोगों ने ओलावृष्टि के साथ बर्फबारी होने का जमकर आंनद लिया। इधर, तीर्थपुरोहित आचार्य संतोष त्रिवेदी ने बताया कि यह शुभ मौका है।

हमारे पूर्वज बताते हैं कि जैसे ही श्राद्ध पक्ष समाप्त होते है और शारदीय नवरात्र शुरू होते हैं तो केदारनाथ में ओलावृष्टि के साथ बर्फबारी होती रही है। इस बार भी ऐसा ही मौसम देखा गया जिसका सभी आनंद उठा रहे हैं।

## 21 अक्तूबर को होगी मानवरहित गगनयान की पहली टेस्टिंग उड़ान

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन 21 अक्तूबर को गगनयान मिशन के हिस्से के रूप में पहले मानव अंतरिक्ष मिशन के क्रू मॉड्यूल एस्केप सिस्टम का परीक्षण करने के लिए अपनी पहली उड़ान प्रदर्शित करने की तैयारी में है। इसरो प्रमुख एस.सोमनाथ के अनुसार इसरो के सबसे भारी रॉकेट एलवीएम–3 का उपयोग करके क्रू मॉड्यूल एस्केप सिस्टम का मानव रहित परीक्षण उड़ान मिशन श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष बंदरगाह से होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए तैयारी का काम चल रहा है। क्रू एस्केप सिस्टम के प्रदर्शन को प्रदर्शित करनेवाली फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन–1 (टीवी–डी–1) की तैयारी एसडीएससी–शार रेंज में पूरे जोरों पर है।

उन्होंने कहा कि पहला मानव रहित परीक्षण मिशन टीवी–डी1 21 अक्तूबर



को होगा, जिसके बाद पहले मानव उड़ान मिशन से पहले सिस्टम का परीक्षण करने के लिए तीन और परीक्षण उड़ानें टीवी–डी–2, टीवी–डी–3 और टीवी–डी–4 होंगी। केंद्रीय अंतरिक्ष, विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने पहले नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा था कि गगनयान मिशन से पहले कई परीक्षण उड़ानों में से पहला झ्र अंतरिक्ष में भारत का पहला मानव मिशन 21 अक्तूबर को होगा। परीक्षण का उद्देश्य 'क्रू मॉड्यूल' या वाहन के उस हिस्से का परीक्षण करना है जहां भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को रखा जाएगा।

परीक्षण में मॉड्यूल को बाहरी अंतरिक्ष में लॉन्च करना और इसे पृथ्वी पर वापस लाना तथा बंगाल की खाड़ी में टचडाउन के बाद इसे पुनर्प्राप्त करना शामिल है। उन्होंने कहा कि नौसेना कर्मियों ने मॉड्यूल को पुनर्प्राप्त करने के लिए पहले ही मॉक ऑपरेशन शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि क्रू मॉड्यूल के साथ–साथ एक 'क्रू एस्केप' सिस्टम भी होगा। यदि अंतरिक्ष में चढ़ते समय अंतरिक्ष यान को किसी समस्या का सामना करना पड़ता है तो इस एस्केप सिस्टम से चालक दल को अलग करने और सुरक्षित रूप से समुद्र में वापस लाने की उम्मीद की जाती है, जहां से उन्हें नौसेना कर्मियों द्वारा निकाला जाएगा। गौरतलब है कि गगनयान मिशन अगले साल की दूसरी तिमाही में होने की उम्मीद है।

इससे पहले, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के निदेशक डॉ. एस.उन्नीकृष्णन नायर ने कहा था कि इसरो इस महीने श्रीहरिकोटा से गगयान का पहला बड़ा मिशन रवाना करेगा। हाल ही में इसरो में आईआईटी–मद्रास के 12 पूर्व छात्रों को सम्मानित करते हुए 'ओवर द मून विद टीम चंद्रयान–3' नामक एक कार्यक्रम के दौरान अपने परिसर में आईआईटी–मद्रास के छात्रों और सरकारी स्कूलों एवं कॉलेजों के छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. उन्नीकृष्णन ने कहा था,"अगले महीने हम आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से गगनयान का पहला बड़ा मिशन शुरू करेंगे। हम इन–फ्लाइट सिस्टम का प्रदर्शन करने जा रहे हैं। मानवयुक्त मिशनों में, यह मिशन की सफलता नहीं है बल्कि चालक दल की सुरक्षा भी मायने रखती है।"उन्होंने कहा,"हम परीक्षण कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि एस्केप सिस्टम की विश्वसनीयता बहुत अधिक हो।

महिला अधिकार सम्मेलन में प्रियंका गांधी वाड्रा का संबोधन, बोलीं

## अपनी नियति का निर्माण स्वयं करें

**चेन्नई, एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में डीएमके के महिला अधिकार सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और उनकी मां सोनिया गांधी भी वहां मौजूद थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं महिला आरक्षण विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग करती हूं। उन्होंने कहा, "आज से बत्तीस साल पहले, अपनी जिंदगी की सबसे अंधियारी रात में मैंने तमिलनाडु की मीन पर पहली बार पांव रखा था। मैं तब उन्नीस बरस की थी और आज जिस उम्र में हूं, तब मेरी मां उससे कुछ साल कम की थीं। जैसे ही हवाई जहाज का दरवाजा खुला, हम रात के अंधेरे में डूब गए, लेकिन मुझे डर नहीं लगा, क्योंकि सबसे भीषण जो हो सकता था, वह हो चुका था।"कुछ घंटे



पहले मेरे पिता की हत्या कर दी गई थी। उस रात मैं अपनी मां के पास गई।

मैं जानती थी कि जो शब्द मैं उनसे कहने वाली हूं, वे हमेशा के लिये मां का दिल तोड़ कर रख देंगे। मैंने वे शब्द कहे और खुशी की रोशनी को उनकी आंखों में हमेशा के लिए बुझते देखा।अब, जब पिता के क्षत–विक्षत शरीर के हिस्से इकठ्ठे करने के लिये मैं तमिलनाडु में थी, मुझमें किसी बात का कोई भय नहीं बचा था। हवाई जहाज की सीढ़ियां उतर कर हम मीनांबकम हवाई अड्डे की जमीन पर खड़े थे।

# नवरात का पहला दिन कलश स्थापना के साथ हुई शैलपुत्री की पूजा


देवी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** रविवार से आश्विन शुक्ल पक्ष के शरदीय नवरात्रि का शुभारंभ हो गया है। पहले दिन भक्तों ने शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर अपने परिवार के लिए सुख-शांति की कामना की। इस दौरान सुबह से ही देवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। नवरात्र पर मंदिरों को विशेष तरीके से सजाया गया था। मंदिरों में महिलाओं ने कीर्तन का भी आयोजन किया।

पितृ पक्ष के बाद शरदीय नवरात्र का शुभारंभ हो गया है। नवरात्र के मौके पर मंदिरों को मनमोहक तरीके से सजाया गया था। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ था। नवरात को लेकर भक्तों में एक उत्साह बना हुआ था। मंदिरों व घरों में कलश स्थापना के साथ ही अखंड जोत भी जलाई गई। व्रतधारियों के अलावा मां के अन्य भक्तों ने भी पूजा–आराधना कर माता से सुख–शांति की कामना की। सबसे अधिक भीड़ कोटद्वार–दुगड्डा के मध्य दुर्गा माता मंदिर, देवी मंदिर, नौ दुर्गा मंदिर में उमड़ी हुई थी। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए मंदिर समितियों की टीमें गठित की गई थी। वहीं, बाजार में भी पूजा सामग्री खरीदने वालों की भीड़ उमड़ी हुई थी।

# फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने उठाई मांग, अस्पताल में रिक्त पदों पर हो नियुक्ति

## डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की ओर से आयोजित की गई बैठक

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वारः** राजकीय बेस अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति करवाने की मांग की है। इस दौरान फार्मासिस्ट की विभिन्न समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गई।

रविवार को पटेल मार्ग स्थित एक बारात घर आरपी कोली की अध्यक्षता में एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि 55 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी फार्मासिस्ट की ड्यूटी चार धाम यात्रा में नहीं लगाई जानी चाहिए। साथ ही चारधाम ड्यूटी करने वाले फार्मासिस्ट का जीवन बीमा करवाना अति आवश्यक है।

यही नहीं फार्मासिस्ट को यात्रा भत्ता भी दिया जाना चाहिए। फार्मासिस्ट ने स्थानीय एवं लंबित बिलों के त्वरित निस्तारण की भी मांग उठाई। कहा कि विभाग में फार्मासिस्ट के कई के कई बिल लंबित पड़े हुए हैं। बैठक के दौरान राजकीय बेस अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग उठाई गई। कहा कि सरकार को फार्मासिस्ट से चीफ फार्मासिस्ट के पदों पर पदोन्नति की सूची भी जारी करनी चाहिए।


आयोजित बैठक में भाग लेते फार्मासिस्ट

इस दौरान रिक्त पदों के सापेक्ष स्थानीय व्यवस्था के तहत तुरंत स्थानांतरण या समायोजन करने की भी मांग उठाई गई। इस मौके पर उपाध्यक्ष सीपी भट्ट, कोषाध्यक्ष एसएस रौथाण, संजय बौंठियाल, रुचिन माहेश्वरी, कुलदीप चंद्र, राजेश शाह, चंद्रशेखर आजाद, हेमंत शाह, विनोद कुकशाल आदि मौजूद रहे। संचालन फार्मासिस्ट डीएस नेगी ने किया।

## महापौर ने मुख्यमंत्री से की गौवंश संरक्षण के लिए भूमि देने की मांग

**कोटद्वारः** महापौर हेमलता नेगी ने प्रदेश सरकार से गौवंश संरक्षण के लिए भूमि उपलब्ध करवाने की मांग की है। कहा कि कोटद्वार शहर में लगातार आवारा गौवंशों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में इनके संरक्षण के लिए सरकार को भी गंभीरता से सोचना चाहिए।

महापौर हेमलता नेगी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। बताया कि वर्तमान में सड़कों पर गौवंश की संख्या लगातार बढ़ रही है। आए दिन गौवंश काश्तकारों के खेतों में घुसकर उनकी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ऐसे में सरकार को उनके संरक्षण के लिए गंभीरता से कार्य करना चाहिए। कहा कि पूर्व में कई बार गौशाला निर्माण के लिए नगर निगम सरकार को पत्र भेज चुका है। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। महापौर ने प्रदेश सरकार से गौशाला निर्माण के लिए पांच एकड भूमि उपलब्ध करवाने की मांग की है।

# समूह मेले का होगा आयोजन, हस्तशिल्प सहित विभिन्न उत्पादों की लगेगी प्रदर्शनी

**पौड़ीः** शहर में समूहों का मेला आयोजित किया जा रहा है। जिसमें चार जिलों से करीब 45 समूह प्रतिभाग करेंगे। इस कार्यक्रम में समूहों की ओर से बनाए जा रहे हस्तशिल्प सहित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस प्रकार के आयोजन करने वाला पौड़ी दूसरा जिला है। मेले का उद्घाटन शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल करेंगे।

प्रदेश के शहरी विकास मंत्रालय की पहल पर इस बार पौड़ी में समूहों का मेला लग रहा है। इससे पूर्व यह मेला हरिद्वार में आयोजित किया गया। मेले को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए नगर पालिका की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। पालिका की ओर से शहर के बस स्टेशन की छत पर मेले को लेकर स्टॉल व पंडाल आदि को बनाया जा रहा है। पालिका के अधिशासी अधिकारी गौरव भसीन ने बताया कि समूहों का मेला मंगलवार 17 अक्तूबर को आयोजित होना है। जिसमें मुख्य अतिथि शहरी विकास मंत्री होंगे। बताया कि मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों के साथ साथ समूहों की ओर से बनाए जा रहे उत्पादों को विपरण की सुविधा मुहैया कराना है। उन्होंने बताया कि मेले में पौड़ी, उत्तरकाशी, रूद्रप्रयाग व टिहरी जिलों के 45 महिला स्वयं सहायता समूह हिस्सा लेंगे। बस अड्डे की नव निर्मित छत पर स्टॉलों को बनाया जा रहा है। बताया कि मेला एक दिवसीय होगा।

# महासंगठन ने शिक्षक व मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की ओर से महाराजा अग्रसेन की 5147वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षा व सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षक–शिक्षिकाओं सहित बोर्ड परीक्षा 2023 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया।

नजीबाबाद रोड़ स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि पी एल खंतवाल और अन्य अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने 108 सालों तक निर्विघ्न शासन किया। उनके राज्य में सभी धर्म व जातियों के लोग रहते थे। किसी का किसी से भेदभाव नहीं था। महासंगठन के सह संयोजक महेंद्र अग्रवाल ने उनकी जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर डा. पद्मेश बुड़ाकोटी, सुनील रावत, रमाकांत कुकरेती, मीनू अग्रवाल, ऋचा जैन और जगदीश राठी आदि शिक्षक–शिक्षिकाओं के साथ ही रागनी अग्रवाल, राखी नेगी, अक्षिता चमोली, ईश्वर सिंह रावत व दीपिका को अपने–अपने विद्यालयों में वर्ष 2023 की हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया, साथ ही लगातार 24वीं बार अभिभावक शिक्षक संघ का अध्यक्ष चुने जाने पर महेंद्र कुमार अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में महासंघ संयोजक राकेश अग्रवाल, दिनेश ऐरन, श्याम सुंदर अग्रवाल, अरविंद बंसल, प्रदीप अग्रवाल, रिपुदमन सिंह बिष्ट, संजय मित्तल, रोशन गौड़, हेमा अग्रवाल और राजदीप माहेश्वरी सहित महासंगठन के सभी सदस्य मौजूद रहे।



शिक्षकों को सम्मानित करते सदस्य

## बिना अनुमति निकाला विजयी जुलूस, छात्रसंघ अध्यक्ष सहित अन्य पर मुकदमा

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ीः** बिना अनुमति के विजयी जुलूस निकालने पर पुलिस ने पौड़ी परिसर के नवनिर्वाचित छात्रसंघ अध्यक्ष सहित 10 युवकों के खिलाफ नामजद व अन्य अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाल गोविंद कुमार ने बताया कि बीते शनिवार को छात्रसंघ चुनाव की मतगणना के बाद शहर में नवनिर्वाचत पदाधिकारियों व उनके सदस्यों ने बिना अनुमति के धारा 144 का उल्लंघन करने पर विजयी जुलूस निकाला। जिस पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष ऋत्विक असवाल, यूआर विनय रावत, कोषाध्यक्ष लविश नेगी, भारतभूषण, नितिन रावत, आस्कर रावत, मंजीत असवाल, रोहित गुंसाई, शोएब खान, हिमांशु के खिलाफ धारा 144 का उल्लंघन करते हुए बिना अनुमति के विजयी जुलूस निकालने पर मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही करीब 70 से 80 युवाओं के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सतपुली वासियों ने डोली का किया स्वागत


सतपुली पहुंची माता की डोली

**सतपुलीः** आदि शक्ति मां भुवनेश्वरी विकास मिशन के तत्वावधान में आदि शक्ति मां भुवनेश्वरी बिलखेत सांगुड़ा की डोली शोभा यात्रा नवरात्री के अवसर पर कोटद्वार भाबर दुगड्डा गुमखाल के रास्ते सैकड़ों भक्तों के साथ सतपुली पहुंची। जिसका सतपुली नगर वासियों ने स्वागत किया। डोली यात्रा सतपुली के रास्ते बिलखेत पहुंची। जिसमें मातृ शक्ति लोक कला सांस्कृतिक समिति, महिला रामलीला कमेटी कोटद्वार अध्यक्ष सरोज रावत एवं गोरी शंकर कीर्तन मंडली पदमपुर सुखरों कोटद्वार अध्यक्ष सरोज बिष्ट के नेतृत्व में पहुंची । इस अवसर पर सुन्दर सिंह चौहान, पुष्पेन्द्र राणा, डब्बल मियां, गीता रावत, मुन्नी देवी, अजय पंवार, दीपक, आशा देवी, मदन सिंह रावत, अंजली बिजल्वाण सहित अनेक लोग मौजूद रहे। शोभा यात्रा बिलखेत पहुंचने पर मदन सिंह रावत अध्यक्ष आदि शक्ति मां भुवनेश्वरी विकास मिशन, पुजारी नागेन्द्र सेनवाल, जय किशन नैथानी, अलोक नैथानी, राजेंद्र सिंह रावत, मनोज रावत, तीरथ सिंह रावत, भूपेन्द्र सिंह, जगत राम जोशी, गोकुल नेगी आदि ने स्वागत किया । शोभा यात्रा में धारी, बिलखेत, बांघाट, पंचाली, देशण आदि गांव की महिला मंगल दल व कीर्तन मंडली पहुंची। यात्रा में शोभा रावत, गोदाम्बरी देवी, शशि गुसाई, रेनू नेगी, भूपेन्द्र सिंह रावत, अंकुश, मनोज शाह जिला संयोजक बजरंग दल, जितेन्द्र कैंथोला आदि शामिल रहे।

# सिद्धार्थ ने किया फीफा कोर्स, बने कोच एजुकेटर



जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** भारत सरकार के शिक्षा तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन तथा भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से फीफा के फुटबॉल फार स्कूल उपक्रम के अंतर्गत छह दिवसीय ट्रेन द ट्रेनर शिविर उड़ीसा, बैंगलोर और पुणे में आयोजित किया गया। जिसमें कोटद्वार निवासी सिद्धार्थ ने प्रतिभाग किया। वह कोच एजुकेटर बने हैं।

शिविर में घमंडपुर कोटद्वार निवासी सिद्धार्थ रावत ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान उन्होंने फुटबाल की बारीकियों को सीखा और अब वे कोटद्वार के फुटबाल खिलाड़ियों को तराशने का कार्य करेंगे। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल कोच सुनील रावत ने सिद्धार्थ को बधाई प्रेषित करते हुए बताया कि इंटरनेशनल फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से देश में फुटबाल को लोकप्रिय बनाने के लिए बच्चों व युवाओं तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है । इसी क्रम में शिविर का आयोजन किया गया। बताया कि शिविर में फीफा प्रशिक्षक इटली के अल्बटी जेकोमिनी और मेल्विन मेंडी ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया।

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं का जल्द करें निराकरण

पौड़ीः पूर्व सैनिक कल्याण संगठन ने वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियां को दूर करने की मांग को लेकर रविवार को डीएम कार्यालय के पास हेमंती नंदन बहुगुणा मूर्ति स्थल पर केंद्र सरकार की बुद्धि शुद्धि के लिए यज्ञ किया। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

कहा कि पिछले लंबे समय से वे वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों को दूर करने की मांग करने को लेकर आंदोलनरत है लेकिन केंद्र सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। कहा कि जब तक वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियां दूर नहीं होती है तब तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा ,उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत, कुलदीप सिंह नेगी शैव सिंह रावत, भुवन चंद्र, राम सिंह गोसाई, हर्ष सिंह ,राजेंद्र सिंह, मकान सिंह रावत, पुरुषोत्तम, सुनील सिंह आदि शामिल रहे।

# सरकार की बुद्धि-शुद्धि के लिए पूर्व सैनिकों ने किया हवन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** आंदोलन के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं होने से आक्रोशित पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने सरकार की बुद्धि-शुद्धि के लिए हवन किया। कहा कि सरकार पूर्व सैनिकों की समस्या को लेकर लापरवाह बनी हुई है। पूर्व सैनिकों ने वेतन विसंगतियों का जल्द निराकरण करने की मांग उठाई।

रविवार को पूर्व सैनिक मालवीय उद्यान में एकत्रित हुए। यहां पूर्व सैनिकों ने हवन किया। समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत ने कहा कि सरकार पूर्व सैनिकों की अनदेखी कर रही है।


कोटद्वार में सरकार की बुद्धि–शुद्धि के लिए हवन करते पूर्व सैनिक

वन रैंक–वन पेंशन की विसंगतियों को लेकर पूर्व सैनिक विगत कई महीनों से दिल्ली के जंतर–मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रहे है। लेकिन, केंद्र सरकार पूर्व सैनिकों की वेतन विसंगतियों को दूर नहीं कर पा रही है। कहा कि पूर्व सैनिकों में केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। इस मौके पर केंद्र सरकार से जेसीओ, एनसीओ जवान और मानद अधिकारियों की वेतन व पेंशन पहले की तरह 70 प्रतिशत करने की मांग की गई। वीर नारियों की पेंशन में भी भारी अंतर बताते हुए इसे भी ठीक करने की मांग की गई। साथ ही स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति वाले पूर्व सैनिकों को समान पद पर समान वेतन देने, अधिकारियों व अन्य पदों के फिटमेंट फैक्टर को समान करने, सभी रैंकों के लिए मिलिट्री सर्विस पे समान करने और प्रत्येक वेतन आयोग, निर्णायक समितियों व उच्च राष्ट्रीय निर्णायक मंडलों में अन्य पदों के प्रतिनिधियों की हिस्सेदारी सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। इस मौके पर मेहरबान सिंह, देवेंद्र सिंह, धीरेंद्र बिष्ट, नंदन सिंह रावत, अनिल शर्मा, भारत सिंह, सुभाष कुकरेती सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# पढ़ाई के लिए बच्चों को दी छात्रवृत्ति

**पौड़ीः** श्री कंडोलिया देवता मातृ–पितृ विहीन कन्या शिक्षा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। इस मौके मातृ–पितृ विहीन 24 बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई।शहर के कंडोलिया ईको पार्क में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र गौड़ ने किया। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे बच्चों को समर्पित बताया। इस मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक कालिका प्रसार काला ने कहा कि 2013 में केदारनाथ आपदा में अपने माता–पिता को खोने वाली असहाय व नाबालिक बालिकाओं की शिक्षा दीक्षा समेत मूलभूत जरूरतों को लेकर ट्रस्ट की ओर से हर साल सहायता की जाती है। जिसमें अभी तक करीब छह सौ से अधिक बालिकाओं को छात्रवृत्ति का लाभ दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस साल ट्रस्ट ने 24 बालिकों को 65600 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। उन्होंने लोगों से ऐसे अधिक से अधिक बच्चों की सहायता करने का आह्वान किया। इस मौके पर वीरेंद्र खंकरियाल, आशीष जदली, प्रदीप भट्ट, सुमनलता ध्यानी आदि शामिल रहे।

# सौदर्यीकरण के बाद महाराज अग्रसेन की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**कोटद्वारः** श्री अग्रसेन महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर श्री वैश्य अग्रवाल सभा, श्री युवा वैश्य अग्रवाल सभा व श्री महिला वैश्य अग्रवाल सभा की ओर से बीरबाला तीलू रौतेली चौक पर आयोजित कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस दौरान सदस्यों ने बेहतर समाज निर्माण के लिए महाराज अग्रसेन के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का आरंभ तीनों सभाओं के पदाधिकारियों ने प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर पदाधिकारियों ने उनके आदशी पर चलने का संकल्प लिया। तत्पश्चात प्रतिमा का अनावरण किया गया। अनावरण के पश्चात सभा के पदाधिकारियों ने संयुक्त चिकित्सालय पहुंचकर मरीजों, चिकित्सकों एवं स्टाफ को फल व जूस वितरित किया। कार्यक्रम में सीता गुप्ता, अजीत अग्रवाल, रामानन्द अग्रवाल, सुमित सिंघल, नवीन अग्रवाल, अमिताभ अग्रवाल ,वरुण गर्ग, संजय मित्तल और अवधेश अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि

# मोबाइल चलाने से डांटा, युवक ने लगाई फांसी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** भाबर क्षेत्र के अंतर्गत उत्तरी झंडीचौड़ क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भर पोस्टर्माटम कर स्वजनों को सौंप दिया।

भाबर चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार ने बताया कि घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे की है। उत्तरी झंडीचौड़ निवासी सौरभ (19 वर्ष) उसके स्वजनों को कमरे में रस्सी के सहारे पंखे से लटका हुआ दिखाई दिया। जिसके बाद आनन फानन में स्वजन उसे लेकर राजकीय बेस अस्पताल कोटद्वार लेकर आए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वजनों के हवाले से पुलिस ने बताया कि शनिवार को सौरभ मोबाइल पर गेम खेल रहा था। जिसके बाद स्वजनों ने उसे डांटा तो वह घर से चला गया। देर शाम को वह घर लौटा और अपने कमरे में चला गया। जिसके बाद सुबह वह फांसी से लटका हुआ मिला।

दैनिक जयन्त-कुमाऊं





## कॉर्बेट पार्क के बिजरानी व गर्जिया जोन खुले

हल्द्वानी। कॉर्बेट पार्क के दो जोनों को पर्यटकों के भ्रमण के लिए खोल दिया गया है। रविवार की सुबह पार्क निदेशक डॉक्टर धीरज पांडे व विधायक प्रतिनिधि मदन जोशी ने हरी झंडी दिखाकर पर्यटकों को बिजरानी व गर्जिया जॉन के लिए रवाना किया। डायरेक्टर ने बताया कि 15 नवंबर के बाद कॉर्बेट में रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी शुरू कर दी जाएगी। इसकी तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि बिजरानी में पहले दिन ही पर्यटकों को बाघ के दीदार हुए हैं।

## आज सितारगंज कूच करेंगे कांग्रेसी

रुद्रपुर। धरना–प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में कांग्रेसी सोमवार को सितारगंज कूच करेंगे। रविवार को इस संबंध में नगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेसियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि किसानों की समस्याओं को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने 16 अक्तूबर को सितारगंज की नई कृषि मंडी स्थल में सरकार के खिलाफ धरना –प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इसमें किच्छा से बड़ी संख्या में किसान व कांग्रेसी कार्यकर्ता पहुंचकर प्रदर्शन को सफल बनाने के साथ ही सरकार को चेताने का कार्य करेंगे।

## पहली नवरात्रि पर दूनागिरी मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता

अल्मोडा। विकासखण्ड द्वाराहाट के मां दूनागिरी मंदिर में शारदीय नवरात्रि और चैत्र नवरात्रि में अत्यधिक भीड़ लगी रहती है। यह मंदिर माता वैष्णो देवी दूनागिरी के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर के गर्भ गृह में माता के साथ साथ शिव भी विराजमान हैं। कहते हैं कि इस पहाड़ का नाम दूनागिरी इसलिए पड़ा जब प्रभु श्री राम के अनुज लक्ष्मण को मूर्छा लगी थी उस समय हनुमान संजीवनी लेने गए और पूरा द्रोणांचल पर्वत ही उठा लाए। उसी द्रोणांचल पर्वत का एक टुकड़ा यहां पर गिरा। इसलिए इस स्थान का नाम द्रोणगिरी और बाद में दूनागिरी हो गया। इसी पर्वत के नाम पर हमारे देश के युद्धक पोत का नाम दूनागिरी पड़ा है। वहीं



शारदीय नवरात्रि के पहले दिन ही यहां पर काफी संख्या में भक्त पहुंचे और अपनी अपनी इच्छाएं माता रानी के सामने रख रहे हैं। जय माता की जयकारों के साथ ही रविवार को माता के मंदिरों में भक्तों की भीड़ लग गई। मां के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठे। सुबह होते ही भक्त मंदिर में पहुंचे पूजा–अर्चना में जुट गए। व्रत रखने वालों ने व्रत रखा और बाजार में व्रत के सामान की जमकर खरीदारी की। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं में महिलाओं की संख्या ज्यादा रही।

## डाक्टर दंपती के मकान से लाखों का सामान चोरी

काशीपुर। डॉक्टर दम्पत्ति के मकान से अज्ञात चोर अलमारी में रखे कीमती आभूषण चोरी कर ले गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। बाजपुर रोड स्थित प्रकाश सिटी निवासी संजय कुमार पुत्र लल्लूराम ने बताया कि वह बिजनौर में सरकारी अस्पताल में डॉक्टर के पद पर कार्यरत है तथा अपनी पत्नी के साथ कार्य दिवस में बिजनौर में ही रहता है। बताया कि वह शनिवार की शाम को अपनी पत्नी के साथ अपने स्थाई मकान में आ जाता है और सोवार की सुबह चला जाता है। बीती 7 अक्टूबर को वह अपने व्यक्तिफ़गत कारणों से



अपने उत्तफ़ मकान में नहीं आया। बताया कि उसने घर की साफ–सफाई करने के लिए खड़कपुर देवीपुरा निवासी एक कामवाली किरन को साफ–सफाई के लिए रखा है जो उनकी अनुपस्थिति में पडौसी विपिन तोमर से चाबी लेकर सफाई करके चली जाती है। बीती सोमवार की सुबह जब उक्त कामवाली करीब 9 बजे आई तो उसने देखा की घर का दरवाजा पहले से ही खुला पड़ा है। कामवाली ने इसकी सूचना उन्हें दी तो उन्होंने पड़ोसी से सही जानकारी के लिए फोन करा तो पड़ोसी की पत्नी ने अंदर आकर देखा तो बैड रूम के साथ लगे कमरे में रखा सारा सामान बिखरा पड़ा है व उस कमनरे में रखी अलमारी का ताला भी टूटा हुआ है। जानकारी होने पर वह बिजनौर से अपनी पत्नी के साथ करीब 12–30 बजे अपने घर पर पहुंचा, देखा तो वहां सारा सामान बिखरा पड़ा था और कमरे में रखी अलमारी में रखे समस्त जेवरात चोरी हो गये। उन्होंने बताया कि चोरी गये आभूषण करीब 12 से 15 लाख के है।

## सीईओ कार्यालय भीमताल में सोमवार को धरना देंगे सैकड़ों शिक्षक

हल्द्वानी। राजकीय शिक्षक संघ नैनीताल की अगुवाई में शिक्षक नेता आज भीमताल स्थित मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना देंगे। जिसमें जिला कार्यकारिणी समेत आठों ब्लॉकों के पदाधिकारी और 192 शाखाओं के अध्यक्ष–मंत्री शामिल होंगे।

पदोन्नति, राजपत्रित घोषित करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड पूर्व में ही चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा कर चुका है। पहले चरण में बीती 27 सितंबर को संघ से जुड़े शिक्षकों ने स्कूलों में बांह में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया था। दूसरे चरण में आठ अक्तूबर को देहरादून में सरकार जागरण रैली निकाली गई थी।

इधर, तीसरे चरण के तय कार्यक्रम के अनुसार सभी जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिला कार्यकारिणी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। नैनीताल जिलाध्यक्ष डॉ. विवेक पांडे ने बताया कि सीईओ कार्यालय भीमताल में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन सोमवार सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर तीन बजे तक चलेगा। यदि इसके बावजूद सरकार मांगों को लेकर नहीं चेती तो चौथे चरण के आंदोलन के अनुसार कुमाऊं और गढ़वाल मंडलीय कार्यकारिणियां मंडल मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करेंगी। इससे भी बात नहीं बनी तो क्रमिक आमरण अनशन शुरू किया जाएगा।

## केलाखेड़ा में मिसाईल मैन की जयंती को छात्र दिवस के रूप में मनाया

काशीपुर। केलाखेड़ा नगर के मदरसा गरीब नवाज विद्यालय में रविवार को कलाम जयंती को विश्व छात्र दिवस के रूप मे बनाया गया। जयंती पर मिसाइल मैन अब्दुल कलाम को याद किया और छात्रों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के सचिव सचिन पाठक और उप जिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद छात्रों ने नाटक और अपनी प्रस्तुति के माध्यम से डेंगू बीमारी, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छ भारत, अंधविश्वास तथा मानव अधिकारों के संबंध में लोगों को जागरूक करने का काम किया।

इसके बाद मदरसे से पढ़कर उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके और समाज में किसी भी रूप मे अपनी सेवाएं देने वाले छात्रों को सम्मानित किया। सचिव सचिन पाठक ने कहा कि मदरसे में आने के बाद उन्हें अनेकता में एकता वाला भारत देखने को मिला। क्योंकि यहां हमने जो तस्वीर देखी वो प्रशंसनीय हैं। विद्यार्थियों ने अपने कार्यक्रमों के माध्यम से बता दिया कि यहां धार्मिक शिक्षा के साथ विज्ञान, समाज और संस्कृति की शिक्षा भी दी जाती है। कार्यक्रम के दौरान सचिव जिला प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर सचिन पाठक, उप जिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी, तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, मेहराज आलम, पारुल, खुशाल सिंह, सिवते नवी, हाफिज मो शफी, बबलू मेहर,अजय कालडा, राहजान, नुसरा, ऋतु, शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव दमदार तरीके से लड़ेगी बसपा

बागेश्वर।बहुजन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शीशपाल सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव दमदार तरीसे लड़ा जाएगा। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से लोग तंग हैं। बहन मायावती के दिशा–निर्देश पर पूरे भारत वर्ष में लोकसभा चुनाव लड़ा जाएगा। वह गढ़वाल के बाद कुमाऊं के दौरे पर हैं। रविवार को नरेंद्रा पैलेस पर पत्रकारों से बातचीत में बसपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर बसपा प्रहार करेगी। लोगों के बीच जाकर उन्हें भी बताया जा रहा है।




लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। कार्यकर्ता दिन रात मेहनत कर रहे हैं। बसपा की बात को आगे बढ़ाने के लिए वह कुमाऊं में हैं। बहन मायावती के आदेश पर उनकी बात लोगों तक पहुंचाई जा रही है। बसपा चुनाव को चुनौती के रूप में नहीं मानती है। संगठन को उत्तराखंड में पहले से मजबूत बनाया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष बीआर धौनी ने कहा कि संगठन को मजबूत किया जा रहा है। पार्टी से अधिकाधिक लोगों को जोड़ा जा रहा है। बसपा ही गरीब, असहाय और जरूरमंदों की पार्टी है। लोकसभा चुनाव के लिए कुमाऊंके चारों जिलों में विचार विमर्श को निकले हैं। पार्टी लोकसभा चुनाव दमदार तरीके से लड़ेगी। इसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की।

## वन विभाग की टीम ने प्लॉट से सागौन के 8 गिल्टे बरामद किए

काशीपुर। मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मोहल्ला रजवाड़ा में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने एक प्लॉट से झाड़ियों में छिपाकर रखे गए सागौन के 8 गिल्टे बरामद किए हैं। रविवार को मुखबिर ने वन विभाग को मोहल्ला रजवाड़ा, पुष्पक विहार कालोनी के खाली प्लाट की झाड़ियों में लकड़ी पड़ी होने की सूचना दी। तराई वन प्रभाग एसओजी रेंजर पूरन सिंह खनायक के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जहां टीम ने एक प्लॉट से सागौन के 8 गिल्टे बरामद किए।

## आईटीआई में प्रवेश फॉर्म भिजवाने की मांग मुखर

बागेश्वर।जन संघर्ष समिति की यहां आयोजित बैठक में आईटीआई के भवन निर्माण के साथ प्रवेश फार्म भिजवाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।

वक्ताओं ने सिमतोली में बने 4000 लीटर टैंकी निर्माण को बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने जनसंख्या के आधार पर टैंकी बनाने की मांग की है। नरेंद्र रावत की अध्यक्षता में कठपुड़ियाछीना में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने क्षेत्र की समस्या को प्रमुखता से रखा। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के लोग पृथक ब्लॉक के लिए लंबे




समय से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों को सुनने को तैयार नहीं है। इसके लिए जल्द आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र में आईटीआई भवन बनाने की मांग की। बोहाला–सेराघाट मार्ग से पगना तक विस्तारीकण साताप्यरा करने की मांग की।

## साथी संगठन ने चलाया स्वच्छता अभियान



हल्द्वानी। साथी संगठन ने रविवार को दमुवाढूंगा स्थित मल्ला प्लाट में भगवान भोले बाबा जी के मंदिर व परिसर में जागरूकता हेतु स्वच्छता अभियान चलाया। मंदिर व परिसर में लगे मकड़ी के जाले, वहां फैली पत्तियां को एकत्रित कर जलाया गया। मंदिर तथा नंदी को स्वच्छ जल से धोया गया, अंदर–बाहर झाड़ू लगा कर साफ–सफाई की। यहां आनन्द सिंह ठठोला, आरएस बोरा, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, आनन्द सिंह रावत, लक्ष्मण सिंह गौनिया, बीएस भाकुनी, गोपाल सिंह सामंत, बसंती जोहारी, कमला देवी, तारा देवी, हेमा देवी, बिशनी देवी, योगेन्द्र पाण्डेय और विनोद कुमार भट्ट आदि मौजूद रहे।

## युवक को मारपीट कर घायल करने का आरोप

रुड़की। कस्बे में स्थित शिव चौक के पास मामूली बात को लेकर कुछ युवकों ने एक अन्य युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस के आने पर हमलावर भाग निकले। बताया गया कि ग्राम जटोला थाना देवबंद, उत्तर प्रदेश निवासी विपिन कुमार झबरेड़ा से कुछ सामान लेकर बाइक से घर वापस जा रहा था। शिव चौक के पास पीछे से दो बाइक पर सवार कुछ युवकों में से एक की बाइक आगे जा रहे विपिन की बाइक से टकरा गई। बाइक सवार द्वारा उन्हें देखकर धीरे चलने को कहा तो आरोप है कि इसी बात पर दोनों बाइक सवार युवकों ने बाइक से नीचे उतर कर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। झगड़े की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को देखते हमलावर युवक अपनी बाइक लेकर भाग निकले।

## सेवा भारती अल्मोड़ा द्वारा निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

अल्मोडा। सेवा भारती उत्तराखण्ड की ज़िला इकाई सेवा भारती, अल्मोड़ा के द्वारा ग्राम खत्याड़ी में रविवार को मायादत्त कांडपाल के सहयोग से सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन सेवा भारती उत्तराखण्ड के प्रांत अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत के द्वारा किया गया।

इस प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से खत्याड़ी व आसपास के क्षेत्र की महिलाओं को सिलाई का छः माह का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसके माध्यम से महिलाएं भविष्य में स्वरोजगार शुरू कर सकती हैं। कार्यक्रम में मातृमंडल की प्रान्त अध्यक्ष सुनीता भट्ट, मातृमंडल के प्रांत संगठन मंत्री सुभाष हंस, प्रदेश उपाध्यक्ष गंगा बिष्ट, ज़िला अध्यक्ष सेवा भारती अल्मोड़ा चंदन गिरी गोस्वामी, ज़िला मंत्री गिरधर सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष धन सिंह बिष्ट, सिलाई केंद्र की शिक्षिका नंदी कनवाल, दीपक लोहनी, भास्करान्द कांडपाल व हरीश कनवाल के साथ ही शिक्षार्थी उपस्थित रहे।

## गौकशी की सूचना पर छापा, मांस और उपकरण बरामद

रुड़की। क्षेत्र के गांव सिकरोढ़ा के पास एक बाग में गोकशी किये जाने की सूचना पर गो संरक्षण स्क्वायड और पुलिस टीम ने छापेमारी की। पुलिस को आता देख गोकशी करने वाले लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से 140 किलो मांस और काटने के उपकरण भी बरामद किए हैं। पुलिस आरोपियों को चिन्हित करने में लगी हुई है। पुलिस के अनुसार शनिवार रात भगवानपुर पुलिस को सिकरोड़ा गांव के जंगल में स्थित बाग में गोकशी किये जाने की सूचना मिलने पर गौ संरक्षण स्क्वायड व भगवानपुर पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस टीम को आता देख गोकशी कर रहे लोग खेतों के रास्ते अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकले। पुलिस ने मौके से 140 किलो संदिग्ध मांस के साथ साथ गोकशी करने के उपकरण बरामद किये। पुलिस आरोपियों को चिन्हित करने में लगी रही जिसमे पुलिस ने तीन लोगों को चिन्हित करते हुए ऐजाज, इरशाद, शहजाद निवासी सिकरौढ़ा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ ही उनकी धर पकड़ के लिए दबिश देनी शुरु कर दी है।

## लक्ष्मेश्वर दुर्गा महोत्सव में माँ के जयकारे के साथ निकली भव्य मंगल कलश यात्रा

अल्मोडा। शारदीय नवरात्रि के शुभारंभ पर लक्ष्मेश्वर दुर्गा महोत्सव में रविवार को खूँटकूनी भैरव मन्दिर से देव अर्चना के साथ लक्ष्मेश्वर महादेव मंदिर तक क्षेत्र की महिलाओं द्वारा पारम्परिक वेशभूषा में माँ के जयकारे के साथ भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली।

आचार्य सतीश चन्द्र जोशी एवं चन्द्रशेखर जोशी द्वारा मुख्य यज्ञमान रमेश चन्द्र जोशी एवं गीता जोशी के हाथों विधि–विधान एवं मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अनुष्ठान आरम्भ कर दीप पूजन, श्री गणेश पूजन, मात्रिका पूजन, कलश स्थापना, नवदुर्गा पूजन, माँ जगदम्बा की मूर्ति में प्राण–प्रतिष्ठा, हरेला पूजन के साथ माँ जगदम्बा की आरती के साथ दुर्गामहोत्सव का शुभारंभ प्रारंभ हुआ। मंगल कलश यात्रा में विधायक मनोज तिवारी, पूर्व



विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, पालिकाध्यक्ष प्रकाश जोशी, दशहरा समिति अध्यक्ष अजीत सिंह कार्की, संयोजक हरीश कनवाल, सचिव वैभव पाण्डेय, रवि रौतेला, सुशील साह, कैलाश गुरूरानी, सभासद मनोज जोशी, डीजीसी पूरन कैड़ा सहित दुर्गामहोत्सव समिति के संरक्षक हेम चन्द्र जोशी, कमलापति पाण्डेय, तारू पाण्डेय, सुन्दर सिंह बिष्ट, हरीश जोशी, अध्यक्ष अमित साह मोनू, सचिव सुनील कर्नाटक, उपाध्यक्ष दिनेश मठपाल सहित समिति के अनेक पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

## ग्रामवासियों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

रुड़की। ग्राम भक्तोवाली में पुलिस ने ग्रामवासियों की बैठक करते हुए ग्राम वासियों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। इस दौरान युवाओं को नशे से दूर रहने को कहा गया। एसआई पवन बडोनी ने इस दौरान कहा कि नशा परिवार का नाश कर देता है। किसी भी परिवार में एक को भी नशे की लत हो जाने से परिवार में लड़ाई झगड़ा शुरू हो जाता है, नशा परिवार में आर्थिक कमजोरी की जड़ भी होती है। उन्होंने ग्राम वासियों से कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति नशे का कारोबार करता हो तो इसकी सूचना पुलिस को दी जाए। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता है। नशे का करोबार करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार, जयवीर सिंह,नीरज कुमार, शाह आलम और प्रवीण कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सफेद छड़ी सुरक्षा दिवस मनाया, दृष्टि–दिव्यांगों को किया पुरस्कृत

अल्मोडा। राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ अल्मोड़ा द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 15 अक्टूबर को सफेद छड़ी सुरक्षा दिवस नगर पालिका के सभागार में मनाया गया। स्वागत गीत दृष्टि दिव्यांग नेहा आगरी द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर दृष्टि दिव्यांग अफराज व विजय आगरी द्वारा भी संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में दिनांक 28 सितम्बर को आयोजित भाषण प्रतियोगिता के दोनों वर्गों के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों भूमिका भाकुनी, प्रियांषी जोशी, दिया बिष्ट, गीतिका पाण्डे, प्रतीक बिष्ट, वंदना रूवाली एवं लक्षिता जोशी द्वारा समाज को सफेद छड़ी के प्रति संवेदनसील होना आवश्यक क्यों विषय पर अपनी प्रस्तुति प्रदान की। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा दी गई सफेद छड़ी 10 दृष्टि दिव्यांगों को वितरित की गई, साथ ही डॉ. जे.सी दुर्गापाल की पुत्री रूप दुर्गापाल द्वारा 10 दृष्टि दिव्यांगों को टाकिंग घड़िया वितरित की गई।

कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले दृष्टि दिव्यांगों को सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र सिंह बिष्ट द्वारा पुरस्कृत किया गया। डॉ. जे.सी दुर्गापाल ने सफेद छड़ी के बारे में विस्तार से बताया गया एवं कहा कि सफेद छड़ी का विकास 1931 में फांस में शुरू हुआ वर्तमान में 5 प्रकार की सफेद छड़िया प्रचलन में है। भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को नकद पुरस्कार मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष बी. एस. मनकोटी द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण संस्था की अध्यक्ष रीता दुर्गापाल, आशा कर्नाटक, सुनैना मेहरा, डे केयर के अध्यक्ष हेम चन्द्र जोशी, प्रताप सिंह सत्याल, एम सी जोशी, गिरी चन्द्र जोशी, बालप्रहरी के उदय किरौला, पैरामेडिकल के मण्डलीय अध्यक्ष मनोहर सिंह नेगी, सेवानिवृत्त सहायक प्रबन्धक एसबीआई मोहन चन्द्र काण्डपाल, रेडकास से आशीष वर्मा, रमेश चन्द्र, डॉ दीपा गुप्ता के साथ विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राणा एवं संचालन नीरज पंत सेवा सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ने किया।

# राइंका तलवाडी में बहुउदेशीय विधिक साक्षरता शिविर












चमोली। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली के तत्वावधान में रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज तलवाडी में बहुउदेशीय विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मा.उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी अध्यक्ष श्री मनोज तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला जज श्री धर्म सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उन्हें ब्रह्म तुलसी का पौधा, स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट किया। सांस्कृतिक दलों एवं स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश ने कहा कि समाज के दुर्बल वर्गो और हाशिये पर रहने वाले लोगों को मुफ्त कानूनी

## उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश ने कहा कि विधिक सेवाओं का लाभ पहुंचाना शिविर का लक्ष्य

सेवाएं और सरलता से कानून की जानकारी प्रदान करने के लिए 1987 में विधिक सेवा अधिकरण बनाया गया था। ताकि कोई भी नागरिक न्याय पाने के अधिकार से वंचित न रह जाए।

उन्होंने कहा कि विधिक प्राधिकरण गिरफ्तारी से पूर्व व गिरफ्तारी के बाद संबंधित व्यक्ति को निशुल्क अधिवक्ता की सेवा प्रदान करता है।

किसी भी प्रकार की विधिक समस्या में प्राधिकरण के प्राविधिक कार्यकर्ता या टोल फ्री नम्बर पर 18001804000 पर संपर्क कर सकते है। इस दौरान उन्होंने शिविर में लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए दिव्यांगजनों को 05 व्हीलचेयर, 03 कान की मशीन, 07 छडी, 02 वैशाखी, 05 दिव्यांग प्रमाण पत्र, कंबल वितरित करते हुए पौधारोपण भी किया।

मा. जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री धर्म सिंह ने विधिक सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा, बच्चों तथा बुजुर्गों के अधिकारों के लिए भी अभियान चलाए जा रहे है।

बहुउदेशीय शिविर में विधिक जानकारी के साथ–साथ केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में विभिन्न विभागों की 40 से अधिक समस्याएं स्टॉलों के माध्यम से दर्ज की गयी।

समाज कल्याण द्वारा 20 पेंशन संबंधी आवेदन भरे गए। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर 70 लोगों की हड्डी रोग, 46 ईएनटी, 20 दंत, 40 फिजिशियन, 35 स्त्री रोग, 45 नेत्र रोग, 07 रक्त जांच की गई। साथ 09 दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र भी बनाए गए। शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, पर्यटन, कृषि, उद्यान, उद्योग, मत्स्य, पशुपालन, राजस्व, ग्राम्य विकास, बाल विकास सहित तमाम विभागों के स्टॉल पर जन समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करते हुए योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

शिविर में विशेष कार्याधिकारी सालसा सईद गुफरान, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेश चन्द्र कौशिक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सचिन कुमार, विधिक सेवा प्राधिकरण के सिविल जज/सचिव सिमरनजीत कौर, मुख्य विकास अधिकारी डॉ ललित नारायण मिश्र, कानूनी अधिवक्तागण, पराविधिक कार्यकर्तागण, विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित बडी संख्या में स्थानीय जनता मौजूद थी।

# मां सुरकंडा के दर्शनों को भारी संख्या में मंदिर पहुंचे श्रद्धालु

नई टिहरी। प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां सुरकंडा मंदिर में नवरात्र का शुभारंभ दस दिवसीय विशेष पूजा–अर्चना के साथ हुआ, वहीं पहले दिन मंदिर में मां के दर्शनों को भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुरकुट पर्वत स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां सुरकंडा के मंदिर में नवरात्र का शुभारंभ विशेष पूजा–अर्चना के साथ हुआ। इस बार मंदिर में पूरे दस दिन अर्थात दशमी तक विशेष पूजा–अर्चना होगी। रविवार को सुबह सबसे पहले मंदिर के पुजारियों द्वारा मां भगवती प्रतिमा को गंगाजल से स्नान कर उसकी विशेष पूजा की गई। उसके बाद हरियाली के लिए जौ की बुवाई की गई। फिर हवन किया गया और मां को भोग



चढ़ाया गया। मां सुरकंडा के मायके जड़धार गांव से गए ढोल वादकों ने मां सुरकंडा की स्तुति की और क्षेत्र की सुख समृद्धि की मन्नत मांगी। उन्होंने ढोल दमाऊकी थाप पर मां के जागर और जयकारे लगाए। मंदिर समिति के प्रबंधक उत्तम सिंह जड़धारी ने बताया कि वैसे तो हर साल नवरात्र पर मां सुरकंडा मंदिर में हरियाली डाली जाती है, लेकिन इस बार बड़े स्तर पर क्षेत्र की सुख समृद्धि व लोक कल्याण के लिए हरियाली का आयोजन है तथा 15 अक्टूबर से लेकर 24 अक्टूबर अर्थात दशमी तक मंदिर में विशेष पूजा अर्चना भी होगी। उन्होंने बताया कि अन्य जगहों पर अष्टमी और नवमी को हरियाली कटती है, लेकिन मां सुरकंडा के मुख्य मंदिर में दशमी को हरियाली कटेगी और इसी दिन भंडारे का आयोजन भी किया गया है। मंदिर के पुजारी रमेश प्रसाद लेखवार का कहना कि वैसे तो मां सुरकंडा के दर्शन वर्ष भर किए जा सकते हैं, लेकिन नवरात्र के मौके पर मां के दर्शनों का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि इस शुभ मौके पर मां सब की मनोकामना पूर्ण करती है। नवरात्र के पहले दिन भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर मंदिर पहुंचे और मां के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## नवरात्रि पर कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी: भुवनेश्वरी सिद्धपीठ में शारदीय नवरात्रि महोत्सव विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हो गया। इस दौरान यज्ञ अनुष्ठानों के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। नवरात्रि तक यहां पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। रविवार को सिद्धपीठ में कीर्तन मंडली कोट, कोटसाडा, तहसील मोहल्ला पौड़ी, धारी कीर्तन मंडली कल्जीखाल, नई पहल कीर्तन मंडली पौड़ी आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में राइंका मसांणगांव व सरस्वती विद्या मंदिर क्यूकालेश्वर के छात्र–छात्राओं ने भी सुंदर प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गढवाल सांसद तीरथ सिंह रावत व विधायक राजकुमार पोरी मौजूद रहे। उन्होंने समिति के द्वारा प्रकाशित पुस्तक का भी विमोचन किया। आचार्य नवीन ने बताया कि हर नवरात्रि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम यहां पर प्रस्तुत किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के लिए लोगों के मन में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। सभी लोग बढ़–चढ़कर प्रतिभा कर रहे हैं।

# मनी मैनेजमेंट स्किल बेहतर भविष्य को जरूरी: बद्रीश

नई टिहरी। धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेन्द्रनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा वित्तीय साक्षरता और डिजिटल कौशल विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो आशुतोष शरण और मुख्य वक्ता के रूप मे उपस्थित एसबीआई प्रबंधक बद्रीश द्विवेदी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बद्रीश द्विवेदी ने छात्रों को शून्य बैलेन्स के साथ बैंक मे खाता खोलने हेतु प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपराधी ठगी से बचने के उपाय बताये। स्टूडेंट्स को बजट बेसिक्स जानना के लिए जरूरी बताया। आज डिजिटल युग मे ऑनलाइन मनी ट्रैंज़ैक्शन, डिजिटल वालेट्स और ऐसी अन्य सुविधाओं से जहां एक और हमारा जीवन काफी आसान बन गया है, वहीं दूसरी और चोरी तथा धोखे के भी नए रास्ते खुले है। आज हमारी वित्तीय जानकारी कई प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहती है , जो कि हैकर्स को आसानी से मिल सकती है। हम धोखाधड़ी के शिकार बन जाते है इसलिए डिजिटल तकनीक का उपयोग करते हुये सुरक्षा उपायों जैसे अपना पासवर्ड शेयर न करना, वित्तीय जानकारी ऑनलाइन न देना और केवल विश्वनीय प्लेट-फॉर्म से अपने वित्तीय लेनदेन करना शामिल है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा संजय ने कहा कि वित्तीय साक्षरता कौशल आम व्यक्ति को स्मार्ट निर्णय लेने मे मदद करता है। जिससे व्यक्ति अपने पैसे का समुचित उपयोग करने मे समर्थ होता है।

इस मौके पर डा सपना कश्यप, डा राजपाल सिंह रावत, डा सुधा रानी, डा सृचना सचदेवा, डा बीपी पोखरियाल, डा आराधना सक्सेना आदि मौजूद रहे।

**भाषण, पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता हुई आयोजित**

कार्यशाला के तहत आयोजित निबंध प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान शीतल नेगी बीएससी प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान तेजस तड़ियाल एमकॉम द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान अम्बिका सेमवाल बीएससी प्रथम वर्ष रहे।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर 81000 रुपये जुर्माना वसूला

चमोली। यातायात के नियमों की पालन न करने के जुर्म में चमोली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वालों से 81 हजार रूपये का जुर्माना वसूला है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले 135 से अधिक व्यक्तियों से 81000 रूपये का जुर्माना वसूला है। चमोली पुलिस द्वारा जनपद से समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग द्वारा वाहन चलाने, ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट के वाहन वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सघन चेकिंग करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने वाले 135 से अधिक व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्यवाही करते हुए 81000 रूपये जुर्माना वसूला गया।

## स्कूलों में शिविरों का आयोजन शुरू

चमोली। जिला आयुर्वेदिक विभाग की ओर से इन दिनों विभिन्न विद्यालयों में आयुर्विद्या शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के साथ ही उन्हें आयुर्वेद तथा योग की जानकारी दी जा रही है। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. एसके रतूड़ी ने बताया कि नेशनल आयुष मिशन के अंतर्गत आयुष विभाग की ओर से विभिन्न विद्यालयों में यह शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी नवंबर माह तक 105 आर्युविद्या शिविर का आयोजन किया जाएगा। इनमें 89 शिविर आयुर्वेदिक विभाग और 16 शिविर होम्योपैथिक विभाग की ओर से आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्कूलों में बच्चों को आयुर्वेद तथा योग की सामान्य जानकारी के साथ ही जड़ी–बूटियों की जानकारी भी दी जा रही है।

# नवरात्र साधना करने देश–विदेश से हजारों साधक पहुँचे शांतिकुंज

हरिद्वार। शारदीय नवरात्र पर गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में उपासना के लिए देश–विदेश से हजारों साधक पहुंचे।

नौ दिन तक चलने वाले इस पर्व में साधक चौबीस हजार गायत्री मंत्र की उपासना के साथ व्यक्तित्व परिष्कार के विभिन्न आध्यात्मिक आयामों को अपने जीवन में उतारेंगे।

नवरात्र के पहले दिन ध्यान साधना हुई। उमेश,अरुण ने साधकों को नवरात्र अनुष्ठान के संकल्प के साथ साधना की पृष्ठभूमि के बारे में बताया। साधकों ने अपनी दिनचर्या की शुरूआत ध्यान–साधना और हवन से की। वहीं, शांतिकुंज के मुख्य सभागार में आयोजित सत्संग में साधकों को संबोधित करते हुए नमो नारायण पांडेय ने कहा कि नवरात्र साधना का महापर्व है। इन नौ दिनों में मनोयोग पूर्वक की साधना से सिद्धि की प्राप्ति होती है और साधना से शुद्धि भी मिलती है।

साधना के बहुत सारे आयाम हैं। लेकिन सभी आयामों का लक्ष्य एक है, शुद्धि प्रदान करना, परिष्कृत करना। देव संस्कृति विवि के कुलाधिपति डॉ. प्रणव पण्ड्या विवि के युवाओं को नौ दिन तक मृत्युंजय सभागार में आयोजित होने वाली विशेष नवरात्र में श्रीमद भगवत गीता में योग साधना विषय पर स्वाध्याय की कक्षा को संबोधित करेंगे।

## बाइक दुर्घटना में युवक की मौत

चमोली। गत शनिवार को देवपुरी मोटर मार्ग पर बाइक दुर्घटना में युवक की मौत हो गयी। 21 वर्षीय रोहित बिष्ट पुत्र संजय बिष्ट ग्राम रसाइगाड़ गैरसैंण अपने साथियों के साथ अग्यारी महादेव गया हुआ था। इस दौरान घर वापस आते समय उनकी बाइक लखण गांव के सामने अनियंत्रित होकर 200 मीटर गहरी में गिर गयी।

## कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रुड़की। नशे में हाईवे पर कई लोगों को टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घायल, सरकारी और निजी अस्पतालों में उपचाराधीन हैं। बीएसएम तिराहा से रामपुर चुंगी के बीच नशे में धुत कार चालक ने कई लोगों को टक्कर मार दी थी। हाईवे पर अफरा–तफरी मचने पर लोगों ने कार चालक को पकड़ कर पिटाई के बाद पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस ने कार को सीज कर दिया था। जबकि घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि शुभम भट्ट निवासी गांधीनगर शिवपुरी के पिता नरेंद्र प्रसाद दुर्घटना में घायल हुए थे।

# रोडवेज बस में टप्पेबाजों ने उड़ाया आइआइटी की पूर्व छात्रा का लैपटॉप

रुड़की। रोडवेज बस में आइआइटी की पूर्व छात्रा का टप्पेबाजों ने लैपटॉप साफ कर दिया। जिस बैग में लैपटॉप रखा था। उसमें काफी सामान भी था। पुलिस को मामले की तहरीर दी गई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। दिल्ली निवासी सलोनी आइआइटी की पूर्व छात्र है। सलोनी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें बताया कि वह दिल्ली की एक कंपनी में काम करती है। बताया कि वह कंपनी में ही काम करने वाले अपने दोस्त के साथ शनिवार की शाम को थॉम्सो में शामिल होने के लिए रुड़की रोडवेज बस



स्टैंड पर पहुंची। जैसे ही वह बस से उतरने लगी तो उसे अपना बैग गायब मिला। बैग में लैपटॉप और अन्य सामान था। बैग गायब देख उसके होश उड़ गये। सलोनी और उसके दोस्त अनिकेत ने पूरी बस को खंगाल डाला, लेकिन लैपटॉप कहीं नहीं मिला। बैग में कंपनी से जुड़े कुछ दस्तावेज भी रखे थे। पीड़ित ने कोतवाली पहुंकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस रोडवेज बस स्टैंड के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आरके सकलानी ने बताया कि जांच के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। जिसके आधार पर पुलिस आरोपितों को चिन्हित करने का प्रयास कर रही है।

# मां दुर्गा करती हैं भक्तों का कल्याण: मनोहर

हरिद्वार। श्यामपुर कांगड़ी के आनंद धाम में जूना अखाड़ा के कोठारी मंहत मनोहर पुरी के सानिध्य में नवरात्र के पहले दिन हवन यज्ञ कर देश में सुख–शांति की कामना की गई। कोठारी मंहत मनोहर पुरी ने कहा कि नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग–अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। महामंडलेश्वर स्वामी गर्व गिरि ने श्रद्धालुओं को मां दुर्गा की महिमा का श्रवण कराते हुए कहा कि मां दुर्गा दुष्टों का संहार कर लोक कल्याण करती हैं। समय–समय पर मां दुर्गा ने अलग–अलग स्वरूप धारण कर भक्तों की रक्षा की।



बागड़ियां मुनि महाराज ने कहा कि नवरात्रि के दिनों में श्रद्धा–समर्पण भाव से पूजा करने से मां दुर्गा प्रसन्न होकर लोक कल्याण करती हैं। इस मौके पर जूना अखाड़ा के श्रीमहंत पूरन गिरी, थानापति धीरेंद्र पुरी, थानापति रतन गिरी, महंत रोशन पुरी, महंत रामगिरी आदि संतों ने पूजा–अर्चना में प्रतिभाग किया।

## भागीरथीपुरम में घट स्थापना के साथ की पूजा–अर्चना

चमोली। टीएचडीसी टिहरी काम्पलेक्स के अधिशासी निदेशक एलपी जोशी ने भागीरथीपुरम टिहरी में टिहरी बांध दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित हरियाली एवं दुर्गा पूजा नवरात्रि महोत्सव का उद्घाटन घट स्थापना और हवन–पूजन के साथ किया। इस मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं ने पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की। भागीरथीपुरम में नवरात्रि महोत्सव 10 दिन तक चलेगा। जिसमें टीएचडीसी कार्मिकों सहित निकस्टस्थ निवासरत लोग पूरी तन्मयता से प्रतिभाग कर रहे हैं। नवरात्रि के पहले दिन घट स्थापना एवं हवन–पूजन के बाद बागेश्वर महादेव मंदिर समिति की कीर्तन मंडली ने दोहपर बाद भजन–कीर्तन कर माता का ध्यान किया। नवरात्रि के दौरान आने वाले दिनों में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

# मां शैलीपुत्री के पूजन के साथ शारदीय नवरात्र शुरू

नई टिहरी। टिहरी जिले के विभिन्न सिद्वपीठ और शक्तिपीठ मंदिरों में शारदीय नवरात्र की शुरुआत पूजा अर्चना और घट कलश स्थापनपा के साथ हुई। लोगों ने मां शैलपुत्री की पूजन के साथ अपने घरों में भी जौ की हरियाली भी बोई। टिहरी जिले में सिद्धपीठ मां चंद्रवदनी, सुरकंडा, कुंजापुरी, राजराजेश्वरी, ज्वालामुखी, भुवनेशवरी, चमराडा देवी, करणा देवी, नव दुर्गा मंदिर, माता मंगला देवी सहित अन्य मंदिरों में शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री के पूजन किया गया। चंद्रवदनी मंदिर में मुख्य पुजारी पंडित दाताराम भट्ट व समिति प्रबंधक आनंद भट्ट ने रविवार को करीब 12 बजे दोपहर विधि विधान के साथ मां के प्रथम स्वरूप शैली पुत्री की पूजा अर्चना के साथ कलश की स्थापना की। श्रद्धालुओं द्वारा घरों से लाये गये जौ की हरियाली बोई। लोक वादक रमेश दास और भारतीय दास ने माता के जागरों की स्तुति से शुरुआत की। इसके साथ जिले में माता के अन्य मंदिरों के साथ लोगों ने अपने घरों में माता के प्रथम स्वरुप की पूजा अर्चना के साथ नवरात्र की शुरुआत की।

## कुशीनगर में दुर्गा कलश यात्रा की तैयारी में पथराव, भारी पुलिस बल तैनात

**कुशीनगर ,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर में रविवार की सुबह 10 बजे के करीब दुर्गा पूजा हेतु कलश यात्रा की तैयारी कर रहे लोगों पर कुछ दूसरे समुदाय के लोगों ने पथराव कर दिया। जिससे पूरे गांव में अफरातफरी मच गई। जिसमें एक पांच साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है और चार पांच लोगों को हल्की चोटें भी आई हैं। सूचना पर गांव में कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात की गई है। पुलिस का कहना है कि कलश यात्रा संपन्न हो चुकी है।

जिले के कुबेरस्थान थानाक्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर में दुर्गा पूजा पंडाल की स्थापना के लिए बांसी नदी से जल भरने को कलश यात्रा की तैयारी हो रही थी। इसी दौरान गांव की महिलाओं व अन्य लोगों को एकत्र करने के लिए आयोजन समिति द्वारा डीजे गांव में घुमा कर एनाउंस किया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में कुछ दूसरे समुदाय के लोगों का घर पड़ा। वहां डीजे पहुचते ही दूसरे समुदाय के लोगों ने छत से ईंट पत्थर चलाना शुरू कर दिया। जिससे वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। पथराव के दौरान पांच वर्षीय पीयूष शाह पुत्र हरिश्चंद्र शाह के सर पर पत्थर से चोट लग गई। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। इसके साथ ही पांच अन्य लोगों को भी हल्की चोटें आई हैं।

## दिग्विजय सिंह का इस्तीफा फर्जी , कहा इस पर कानूनी कारवाही कराएंगे

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के काफी जाने माने कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह का एक फर्जी लेटर लीक किया गया था की वह कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिए है परंतु दिग्विजय सिंह ने इसका खंडन करते हुए अपने एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए कहा की भाजपा झूठ बोलने मे माहिर है.दिग्विजय सिंह ने कहा की मैं 1971 से मैंने कांग्रेस पार्टी का सदस्यता लिया था और मैने पार्टी में पद के लालच से सदस्यता नहीं लिया था बल्कि कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी मे आया और जब तक मेरी सांसे है तब तक कांग्रेस पार्टी के लिए ही कार्य करूंगा । दिग्विजय सिंह ने कहा की मेरी फर्जी इस्तीफा पत्र को वायरल करने पर में इसकी पुलिस में शिकायत दर्ज करा कर कानूनी कारवाही करवाउंगा।

## प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त : अखिलेश यादव

**लखनऊ ,(एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। महिलाओं और बच्चियों के साथ अपराधिक घटनाएं रूकनें का नाम नहीं ले रही है। तमाम आंकड़ों में उत्तर प्रदेश महिला अपराधों के मामले में सबसे ऊपर है। लेकिन सरकार जमींनी सच्चाई न जानने और न मानने को तैयार है।मुख्यमंत्री झूठे आंकड़ों में अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। हर दिन प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के साथ दुराचार, हत्या और छे पिछले दिनों अमरोहा इलाज कराने गयी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई। मैनपुरी में स्कूटी से जा रही महिला पर चाकू से हमला हुआ। भाजपा सरकार प्रदेश में अपराधों को रोक पाने में विफल है। भाजपा का कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का दावा झूठ और कोरी लफ्फाजी है। भाजपा सरकार में पुलिस–प्रशासन कानून व्यवस्था ठीक करने के बजाय विरोधियों को झूठे मामलों में फंसाने और भ्रष्टाचार में संलिप्त है। पुलिस भाजपा नेताओं के इशारे पर कार्य कर रही है। आम जनता और गरीबों को न्याय नहीं मिल रहा है। जनता भाजपा के कुशासन से कराह रही है।

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस विधायकों को भी लगा बड़ा झटका! ऐसे होने की बिल्कुल उम्मीद नहीं थी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने नवरात्र के पहले दिन जैसे ही टिकट घोषित किए तो राज्य की सियासत में हलचल मच गई। उम्मीद के मुताबिक कांग्रेस ने टिकट वितरण में कुछ ऐसा किया जो यहां की सियासत में पार्टी की ओर से पहली बार कहा जा रहा है। दरअसल, जिन तीस सीटों पर कांग्रेस ने टिकट घोषित किया उनमें से अगर मंत्रिमंडल के लोगों को निकाल दिया जाए तो आधे से ज्यादा विधायकों के टिकट ही पार्टी ने काट दिए।

सियासी जानकार राज्य में पहले चरण के दौरान घोषित किए गए टिकट और काटे के विधायकों की लिस्ट को कांग्रेस का बड़ा पॉलिटिकल शॉट मान रहे हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी भी अपनी इस नई सियासी रणनीति को आने वाले विधानसभा के चुनाव में बड़ा गेम चेंजर मानकर चल रही है।

दरअसल, कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में सत्ता की वापसी के लिए इस बार कुछ मजबूत और पुख्ता सियासी फील्डिंग सजाने की कोशिश की है। सियासी जानकारों का कहना है कि छत्तीसगढ़ में ऐसा पहली बार हुआ है कि कांग्रेस ने अपनी पहली ही सूची में विधायकों के बड़े पैमाने पर टिकट काटने शुरू कर दिए हों।

राजनीतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र पांडे कहते हैं कि वैसे तो पहले चरण में 20 विधानसभा सीटों पर ही चुनाव होने हैं। लेकिन जिन 30 सीटों पर कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी उतारे हैं उनमें एक सीट अगर भाजपा के रमन सिंह की छोड़ दी जाए तो 29 प्रत्याशी कांग्रेस के हैं।

इन 29 में 15 प्रत्याशी तो मुख्यमंत्री से लेकर कैबिनेट मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की सीटें हैं। जिनको की पार्टी ने पहले चरण की पार्टी गई सीटों में प्रत्याशी घोषित कर दिया। बची हुई 14 सीटों में 8 विधायकों का कांग्रेस ने टिकट काट दिया है। यानी तकरीबन 60 फीसदी टिकट मंत्रिमंडल के बाहर रहने वाले विधायकों के कांग्रेस ने काट दिए। वह कहते हैं कि ऐसा पहली बार हुआ है कि राज्य में इतने बड़े स्तर पर कांग्रेस ने टिकटों का सफाया किया हो।

सियासी जानकारो का कहना है कि पार्टी इस बार सत्ता में वापसी के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाहती है। यही वजह है कि पार्टी में अपनी पहली लिस्ट में पांच नए चेहरों को भी जगह देकर सियासत में एक संदेश दिया है। इसके अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्र जगदलपुर की विधानसभा सीट पर भी पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि कुछ सियासी कारणों के चलते इस सीट को होल्ड पर रखा गया है। लेकिन जल्द ही बीच का रास्ता निकालने के साथी यहां पर प्रत्याशी घोषित कर दिया जाएगा। राजनीतिक विश्लेषक चंद्रकांत कहते हैं कि कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी के लिए बहुत सधी हुई सियासी चाल चल रही है। इसमें चाहे प्रत्याशियों के चयन का मामला हो या फिर सियासी रूप से तैयार की जाने वाली रणनीति का। पार्टी आलाकमान और प्रदेश कार्यकारिणी समिति इसमें कोई भी रिस्क नहीं उठाना चाहती है। इसी वजह से प्रत्याशियों के चयन में खूब मंथन के बाद ही टिकटों की घोषणा की गई है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस की ओर से घोषित की गई पहले विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पाटन, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को अंबिकापुर, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत को सक्ती और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को चित्रकोट से प्रत्याशी बनाया गया है।

जिन विधायकों का टिकट कटा है उसमें बस्तर के कांकेर विधायक शिशुपाल सोरी, अंतागढ़ विधायक अनूप नाग, दंतेवाड़ा विधायक देवती कर्मा, चित्रकोट विधायक राजमन बेंजाम शामिल हैं। इसके अलावा पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर, खुज्जी विधायक छन्नी साहू, नवागढ़ विधायक गुरुदयाल बंजारे और डोंगरगढ़ विधायक भुवनेश्वर बघेल की भी टिकट काटा गया है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद कहते हैं कि अभी पहली सूची रविवार को जारी हुई है। जल्द ही दूसरी सूची भी छत्तीसगढ़ की आ जाएगी। आठ विधायकों का टिकट काटने पर वह कहते हैं पहली सूची के साथ ही यह कहा जा सकता है कि कांग्रेस ने सोच समझकर जीतने वाले प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है। उनका कहना है कि पार्टी ने बहुत मंथन और जमीनी तौर पर हर तरह से आंकलन करने के बाद ही न सिर्फ प्रत्याशियों का चयन किया है बल्कि राज्य में सरकार बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू किया है। सुशील आनंद कहते हैं कि इस बार कांग्रेस के 75 सीटों से ज्यादा विधायक जीतने जा रहे हैं।

## लखनऊ की सबसे पुरानी रामलीला अब हो गई हाईटेक

**लखनऊ ,(एजेंसी)।** लखनऊ में ऐशबाग की प्रसिद्ध रामलीला शहर की सबसे पुरानी रामलीलाओं में से एक है और इसकी उत्पत्ति 16वीं शताब्दी में संत–कवि गोस्वामी तुलसीदास से मानी जाती है, जो इसे लगभग 500 वर्ष से अधिक पुरानी बनाती है। आज यह देश की सबसे हाईटेक रामलीला बनने का गौरव हासिल कर चुकी है।

ऐशबाग के श्री राम लीला समिति के महासचिव आदित्य द्विवेदी ने कहा, 16वीं शताब्दी में जब गोस्वामी तुलसीदास चौमासा के लिए यहां आये तो वे इसी स्थान पर रुके थे जो सन्यासियों का अखाड़ा था। वह उन सन्यासियों को राम कथा सुनाते थे जिन्होंने रामलीला का मंचन करना शुरू किया था ताकि इसका मूल संदेश जनता तक आसान तरीके से पहुंचे। तुलसीदास के निर्देशन में ही रामलीला का मंचन प्रारम्भ हुआ।

आदित्य द्विवेदी ने कहा, 1773 में नवाब आसफुद्दौला अपने मंत्रियों के साथ यहां रामलीला देखने आए थे। यह देखकर वे इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने न केवल अखाड़े को 6.5 एकड़ जमीन दान में दे दी, बल्कि रामलीला के लिए वार्षिक सहायता भी देनी शुरू कर दी। आज यह सहायता लखनऊनगर निगम द्वारा दी जाती है।उन्होंने आगे कहा, 1857 तक, चौमासा के लिए यहां आने वाले सन्यासियों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाता था। 1857 के विद्रोह के बाद अंग्रेजों ने सन्यासियों के आंदोलन पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद अखाड़े के साधुओं ने स्थानीय लोगों से संपर्क किया जिन्होंने रामलीला का मंचन करना शुरू कर दिया। तब से अब तक कई परिवार रामलीला समिति से जुड़े हुए हैं और 10 से अधिक परिवार पीढ़ियों से समिति की सेवा कर रहे हैं। ऐसा ही एक परिवार किशन लाल अग्रवाल का है, जिनके बेटे कन्हैयालाल, पोते प्राग दास, परपोते चमन लाल, परपोते गुलाबचंद और परपोते हरीश चंद्र समिति के प्रमुख थे। ऐशबाग के श्री रामलीला समिति के हरीश चंद्र वर्तमान अध्यक्ष हैं। द्विवेदी ने कहा, 'गिरिजा भूषण सिन्हा, बसंत लाल कोहली, विष्णु नारायण चड्ढा, देवी प्रसाद वर्मा, वृन्दावन अवस्थी और केदारनाथ पाधा (राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा के पिता) के परिवार के सदस्य आज भी रामलीला समिति से जुड़े हुए हैं।

## पाक खिलाड़ियों के सामने जय श्री राम के नारे लगाने पर भड़के उदयनिधि स्टालिन

**चेन्नई ,(एजेंसी)।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत–पाकिस्तान विश्व कप क्रिकेट मैच के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर भीड़ द्वारा 'जय श्री राम' के नारे लगाने को लेकर तमिलनाडु के खेल और युवा मामलों के मंत्री और डीएमके के वरिष्ठ नेता उदयनिधि स्टालिन ने इसकी आलोचना करते हुए कहा कि यह अस्वीकार्य है। स्टालिन ने मैच में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के आउट होने पर भीड़ द्वारा शोर मचाने और 'जय श्री राम' के नारे लगाने का जिक्र किया।'एक्स' पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में डीएमके नेता ने कहा, भारत अपनी खेल भावना और आतिथ्य सत्कार के लिए प्रसिद्ध है। हालांकि, नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ किया गया व्यवहार अस्वीकार्य है। खेल को देशों के बीच एकजुट करने वाली शक्ति बनना चाहिए और सच्चे भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। नफरत फैलाने के लिए इसे एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करना सही नहीं है।उदयनिधि स्टालिन के बयान के समर्थन में, तमिलनाडु के कई क्रिकेट प्रशंसकों ने अगले दस दिनों में चेपॉक में खेलने वाली पाकिस्तान क्रिकेट टीम को प्यार और सम्मान देने का आह्वान किया है।लक्ष्मी नाम की एक प्रशंसक ने अपने फेसबुक पोस्ट में कहा, पाकिस्तान अगले 10 दिनों में चेपॉक में दो मैच खेल रहा है और हमें बाबर आजम और टीम ने अहमदाबाद में जो कुछ सहा, उसकी भरपाई करनी चाहिए।

## डबल इंजन की सरकार में बस यूपी ही नहीं पूरे देश का विकास: योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर ,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर रविवार को आएं। सीएम शारदीय नवरात्र के पहले दिन 233.20 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इसमें नगर निगम के 189 विकास कार्यों का शिलान्यास और 114 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

सीएम योगी रविवार सुबह 11 बजे नगर निगम परिसर पहुंचे, जहां उनकी मौजूदगी में नेशनल थर्मल पॉवर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) और नगर निगम के बीच कूड़े से चारकोल बनाने के प्लांट की स्थापना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ।

## फलस्तीन की जनता के साथ खड़ा है जमीयत उलमा–ए–हिंद, वो आजादी के लिए हो रहे कुर्बान: अरशद मदनी



**देवबंद , एजेंसी।** जमीयत उलमा–ए–हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्ल्ड मुस्लिम लीग के सदस्य मौलाना सैयद अरशद मदनी ने फलस्तीन पर लगातार हो रहे इस्राइली हमलों की कड़ी निंदा की है। कहा कि अंतरराष्ट्रीय संगठनों को इस्राइल के आक्रमण को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि उनका संगठन फलस्तीन और वहां की जनता के अधिकारों के लिए उनके साथ खड़ा है।

रविवार को जारी बयान में मौलाना सैयद अरशद मदनी ने कहा कि फलस्तीन की अवाम अपनी मातृभूमि की आजादी के लिए लड़ रही है और अपनी जानों की कुर्बानी दे रही है। जबकि इस्राइल लगातार वहां की जनता पर कहर बरपा रहा है। जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। मौलाना मदनी ने दुख का इजहार करते हुए कहा कि यह बेहद अफसोस की बात है कि दुनिया में मानवाधिकारों का ढिंढोरा पीटने व एकता और शांति की बात करने वाले तमाम संगठन आज फलस्तीन के मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं।

मौलाना मदनी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, वर्ल्ड मुस्लिम लीग और अन्य संगठनों से आह्वान किया कि वह इसमें तत्काल प्रभाव से हस्तक्षेप कर वहां शांति स्थापना के लिए सकारात्मक कदम उठाएं। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि हिंदुस्तान ने हमेशा शांति की स्थापना के लिए फलस्तीनी नागरिकों के अधिकारों की बात की है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरु, रफी अहमद किदवई, अटल बिहारी वाजपेयी और मौलाना अबुलकलाम आजाद ने हमेशा फलस्तीन और वहां के नागरिकों का समर्थन किया है।

## कांग्रेस ने फूंका चुनावी बिगुल: कमलनाथ को छिंदवाड़ा और भूपेश बघेल को पाटन से मैदान में उतारा

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने भी कमर कस ली है। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगना चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। मध्य प्रदेश में 144, छत्तीसगढ़ में 30 और तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए 55 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। इसके अनुसार मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे।

वहीं, छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने 30 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है।

## हमास के हमलों से अस्थिर क्षेत्र में ऐसी और कार्रवाइयों की आशंका

**न्यूयॉर्क ,एजेंसी ।** इजरायल पर हमास आतंकवादी हमला मुंबई पर पाकिस्तानी आतंकवादियों के हमले के समान है, लेकिन हमले का पैमाना बहुत बड़ा है और इसकी गूंज का वैश्विक प्रभाव कहीं अधिक व्यापक है।

मुंबई पर 26/11 के हमले में सिर्फ 10 नावों और उन पर आये हमलावरों ने 2008 में शहर को चार दिन तक बंद रखा और लगभग 170 लोगों की हत्या कर दी। इसमें उनके धार्मिक केंद्र पर लक्षित हमले में छह यहूदी भी मारे गये थे। इसे 7/10 के इजरायल पर हमास हमले का छोटा टेम्पलेट कहा जा सकता है।इजरायल पर 7/10 का हमला बहुत बड़े पैमाने पर था, जिसमें डेढ़ हजार आतंकवादियों ने बुलडोजर, पैराग्लाइडर और ड्रोन के साथ देश के अत्यधिक परिष्कृत सुरक्षा तंत्र को चकमा दे दिया और इजरायल की उस खुफिया एजेंसी और सेना को भनक तक नहीं लगी जिससे बड़े–बड़े देश खौफ खाते हैं।

वे लोगों को बंधक बनाकर ले गये और बड़े पैमाने पर नरसंहार किया। पीड़ितों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। न तो बहुत प्रशंसित आयरन डोम एंटी–मिसाइल रक्षा प्रणाली और न ही गाजा सीमा पर निगरानी और हथियार प्रणालियों की श्रृंखला आदिम हमास शस्त्रागार के सामने टिक सकी। हमास के इस हमले से अफ्रीका और उसके बाहर इससे नकलची हमलों, अफ्रीका और अन्य क्षेत्रों में स्थानीय आत्मघाती आतंकवादी संगठनों द्वारा ऐसे ही हमलों की आशंका पैदा हो गई है।विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने बताया कि यदि संघर्ष फैलता है, तो तो यह खतरनाक हो सकता है और अकल्पनीय पैमाने का संकट पैदा हो सकता है।क्षेत्र में एकमात्र परमाणु शक्ति होने के नाते और एक राष्ट्र के रूप में मान्यता प्राप्त क्षेत्र को चलाने वाले उसके प्रतिद्वंद्वी के रूप में, इज़राइल बमबारी, पूर्ण नाकाबंदी और गाजा पर संभावित जमीनी आक्रमण का एक शक्तिशाली जवाबी हमला करने में सक्षम है, हालांकि हमास के कब्जे में इजरायली बंधक होने के कारण यह आसान नहीं होगा।इस 7/10 हमले के साथ एक बड़ा आश्चर्य मोसाद की विशाल खुफिया विफलता है, जिसे ईरान के अंदर परमाणु वैज्ञानिकों की सटीक हत्या और लैटिन अमेरिका में छिपे पूर्व–नाजियों के शिकार का श्रेय दिया जाता है।

## ईडी की बड़ी कार्रवाई, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व सांसद से जुड़ी 315 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** एनसीपी के पूर्व कोषाध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सदस्य ईश्वरलाल शंकरलाल जैन और उनके बेटे मनीष ईश्वरलाल जैन लालवानी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ईडी ने रविवार को कहा कि उसने राजमल लखीचंद ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड, आर एल गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड और मनराज ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड की 315.6 करोड़ रुपये की 70 अचल संपत्तियां कुर्क की हैं।वित्तीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि शनिवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत राजमल लखीचंद ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड, आर एल गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड और मनराज ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने महाराष्ट्र के जलगांव, मुंबई, ठाणे और सिल्लोड और गुजरात के कच्छ सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित 70 अचल संपत्तियों और पवन चक्कियों, चांदी और हीरे के आभूषण या बुलियन और भारतीय मुद्रा जैसी चल संपत्तियों को जब्त कर लिया है।

### मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव

# कांग्रेस ने जारी की 144 प्रत्याशियों की पहली सूची, कमलनाथ छिंदवाड़ा से मैदान में

**भोपाल, एजेंसी।** शारदीय नवरात्रि के पहले दिन कांग्रेस की ओर से आज सुबह मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी गई, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को छिंदवाड़ा से प्रत्याशी बनाया गया है। पार्टी की इस पहली सूची में 144 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। अधिकतर मौजूदा विधायकों की सीटों को यथावत रखा गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह को लहार से, पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को राऊ लाखन सिंह यादव को भितरवार, जयवर्धन सिंह को राघौगढ़ और कमलेश्वर पटेल को सिंहावल से प्रत्याशी बनाया गया है। बुधनी विधानसभा सीट से पार्टी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने पिछले दिनों कांग्रेस में शामिल हुए टीवी अभिनेता विक्रम मस्ताल को चुनावी मैदान में उतारा है।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल चुरहट, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह अमरपाटन और डॉ हिना कांवरे लांजी से प्रत्याशी बनाई गई हैं। पूर्व मंत्री बाला बच्चन राजपुर (अजा) से, लखन घनघोरिया जबलपुर पूर्व (अजजा), तरुण भनोत जबलपुर पश्चिम, ओंकार सिंह मरकाम डिंडोरी (अजा), सुखदेव पांसे मुलताई, प्रियव्रत सिंह खिलचीपुर, हुकुम सिंह कराड़ा शाजापुर, सज्जन सिंह वर्मा सोनकच्छ (अजा), डॉ विजय लक्ष्मी सिंह साधौ महेश्वर (अजा), सचिन यादव कसारवद, उमंग सिंघार गंधवानी (अजजा) और



सुरेंद्र सिंह बघेल कुक्षी (अजजा) से चुनावी मैदान में उतरेंगे।

पार्टी ने भोपाल मध्य से मौजूदा विधायक आरिफ मसूद और नरेला से मनोज शुक्ला को प्रत्याशी बनाया है। वहीं इंदौर–एक से संजय शुक्ला, इंदौर–दो से चिंतामणि चौकसे चिंटू और इंदौर–चार से राजा मंधवानी चुनाव लड़ेंगे। चंदेरी से गोपाल सिंह चौहान, मुंगावली से राव यादवेंद्र यादव, सुरखी से नीरज शर्मा, देवरी से हर्ष यादव, नरयवायली (अजा) से सुरेंद्र चौधरी, बंडा से तरवर सिंह लोधी, टीकमगढ़ से यादवेंद्र सिंह, जतारा (अजा) से श्रीमती किरण अहिरवार, पृथ्वीपुर से नितेंद्र सिंह राठौर और खरगापुर से श्रीमती चंदा सिंह गौर को उम्मीदवार घोषित किया गया है।

महाराजपुर से नीरज दीक्षित, चंदला (अजा) से हरप्रसाद अनुरागी, राजनगर से विक्रम सिंह नातीराजा, छतरपुर से आलोक चतुर्वेदी, बिजावर से चरण सिंह यादव, मलहरा से साधवी राम सिया भारती, पथरिया से राव ब्रजेंद्र सिंह और जबेरा से प्रताप सिंह लोधी प्रत्याशी होंगे। हटा (अजा) से प्रदीप खटीक, पवई से मुकेश नायक, गुन्नौर (अजा) से जीवन लाल सिद्धार्थ, चित्रकूट से नीलांशु चतुर्वेदी, रैगांव (अजा) से सुश्री कल्पना वर्मा, सतना से सिद्धार्थ कुशवाह, नागौद से डॉ रश्मि सिंह पटेल, अमरपाटन से राजेंद्र कुमार सिंह, त्योंथर से रामशंकर सिंह पटेल, मऊगंज से सुखेंद्र सिंह बना, मनगवां (अजा) से बबिता साकेत, गुढ़ से कपिध्वज सिंह, चुरहट से अजय सिंह और सिहावल से कमलेश्वर पटेल उम्मीदवार घोषित हुए हैं।

चितरंगी (अजजा) से मानिक सिंह, सिंगरौली से श्रीमती रेणु सिंह, जैतपुर (अजजा) से उमा धुर्वे, अनूपपुर (अजजा) से रमेश सिंह, पुष्पराजगढ़ (अजजा) से फुंदेलाल मार्को, बड़वारा (अजजा) से विजय राघवेंद्र सिंह, पाटन से नीलेश अवस्थी, बरगी से संजय यादव, जबलपुर पूर्व (अजा) से लखन घनघोरिया, जबलपुर उत्तर से विनय सक्सेना और जबलपुर पश्चिम से तरुण भनोत प्रत्याशी रहेंगे। सिहोरा (अजजा) से सुश्री एकता ठाकुर, शाहपुरा (अजजा) भूपेंद्र मरावी, डिंडोरी (अजजा) से ओंकार सिंह मरकाम, बिछिया (अजजा) से नारायण सिंह पट्टा, बैहर (अजजा) से संजय उइके, लांजी से सुश्री हिना कांवरे, परसवाड़ा से मधु भगत, बालाघाट से अनुभा मुंजारे, कटंगी से बोध सिंह भगत, बरघाट (अजजा) से अर्जुन सिंह काकोड़िया, सिवनी से आनंद पंजवानी, केवलारी से रजनीश सिंह, लखनादौन (अजजा) से योगेंद्र सिंह बाबा, गोटेगांव (अजा) से शेखर चौधरी, नरसिंहपुर से लखन सिंह पटेल, तेंदूखेड़ा से संजय शर्मा, छिंदवाड़ा से कमलनाथ, मुलताई से सुखदेव पांसे, बैतूल से निलय डागा और घोड़ाडोंगरी (अजजा) से राहुल उइके उम्मीदवार बनाए गए हैं।

भैंसदेही (अजजा) से धरमू सिंह सिरसाम, टिमनरी (अजजा) से अभिजीत सिंह, हरदा से रामकिशोर डोगने, उदयपुरा से देवेंद्र पटेल गदरवास, सिलवानी से देवेंद्र पटेल, विदिशा से शशांक भार्गव, गंजबासौदा से निशंक जैन, शमशाबाद से सिंधू विक्रम सिंह, बैरसिया (अजा) से श्रीमती जयश्री हरिकिरण, नरेला से मनोज शुक्ला, भोपाल मध्य से आरिफ मसूद, बुधनी से विक्रम मस्ताल, आष्टा (अजा) से कमल चौहान, सीहोर से शशांक सक्सेना, राजगढ़ से बापू सिंह तंवर, खिलचीपुर से प्रियव्रत सिंह, सुसनेर से भेरू सिंह बापू और आगर (अजा) से विपिन बानखेड़े प्रत्याशी घोषित किए गए हैं।

शाजापुर से हुकुम सिंह कराड़ा, कालापीपल से कुनाल चौधरी, सोनकच्छ (अजा) सज्जन सिंह वर्मा, हाटपिपल्या से राजवीर सिंह बघेल, मांधाता से उत्तम पाल सिंह, पंधाना (अजजा) से सुश्री रूपाली बरे, भिकनगांव (अजजा) से श्रीमती झूमा सोलंकी, बड़वाह से नरेंद्र पटेल और महेश्वर (अजा) से डॉ विजय लक्ष्मी साधौ, कसरावद से सचिन यादव और खरगोन से रवि जोशी प्रत्याशी हैं।

## गुजरात के अंबाजी मंदिर प्रबंधन का नया फैसला, अलग–अलग गरबा करेंगे महिला और पुरुष

**अंबाजी ,(एजेंसी)।** गुजरात के अंबाजी मंदिर प्रबंधन ने इस बार नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव शुरू होने के साथ एक बड़ा बदलाव किया है। इस उत्सव में पुरुषों और महिलाओं के लिए गरबा करने के लिए अलग–अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं।

इस साल यह पहली बार है कि पुरुष और महिलाएं एक साथ नृत्य नहीं करेंगे। मंदिर के पीतल द्वार के बाहर गरबा करने के लिए पुरुषों को स्थानांतरित किया जाएगा।

एक अभूतपूर्व निर्णय में मंदिर प्रबंधन ने घोषणा की है कि अंबाजी मंदिर के चाचर चौक में गरबा प्रदर्शन विशेष रूप से महिलाओं के लिए आरक्षित होगा।

पुरुषों एवं महिलाओं के लिए अलग–अलग प्रवेश द्वार निर्धारित किये जायेंगे। परंपरागत रूप से, भक्त अंबाजी मंदिर में गरबा समारोह में भाग लेने के लिए चाचर चौक में इकट्ठा होते हैं।

## सम्पादकीय

# औषधि में मौत बेचते कारोबारी

आम व्यक्ति के लिए स्वास्थ्य का क्षेत्र काफी महंगा साबित होता हुआ आया है और इस बात की भी कोई गारंटी नहीं है की पूरा पैसा देने के बाद जो दवाई मरीज के लिए प्रयोग की जा रही है वह असली है या नकल? उत्तराखंड में पिछले कुछ समय में जिस प्रकार से नकली दवा के कारोबार ने पंख फैलाए हैं उससे ड्रग्स एवं नारकोटिक्स तथा औषधि विभाग कटघरे में खड़ा है। बड़े पैमाने पर न केवल दावों की सैंपलिंग बल्कि रैपिंग एवं सप्लाई का काम खुलेआम किया जा रहा था। कुछ मामले ऐसे हैं जिसमें फार्मा कंपनियों की शिकायत पर फर्जीवाड़ा का खुलासा किया गया लेकिन विभाग की ओर से नकली दवाइयां की सप्लाई करने वालों के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई की गई हो ऐसा नजर नहीं आया है। निश्चित तौर पर पुलिस महक में की तारीफ करनी होगी जिसने ऐसे कई प्रकरण उजागर किया दिन में नकली दवा का कारोबार किया जा रहा था। एक और मामला प्रकाश में आया है जिसमें पुलिस ने एक साथ देहरादून और हरिद्वार में छापे की कार्रवाई करते हुए ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया जो नकली दवाइयां के कारोबार में आलीशान जिंदगी जीते हुए करोड़ों रूपों की गाड़ी में घूम रहे थे। इन लोगों को आम व्यक्ति के जीवन से कोई लेना देना नहीं था एक ही उद्देश्य से लेकर यह लोग समाज में जहर घोल रहे थे। अब तक न जाने कितने ही लोगों के शरीर में उनकी फैक्ट्री में बनाई गई नकली दवाएं घुल चुकी होगी इसका कोई हिसाब नहीं है। क्या गजब तमाशा है कि लंबे समय से नकली दवा का कारोबार खुलेआम उत्तराखंड के दो बड़े नगरों से किया जा रहा था और विभाग को इसकी भनक तक नहीं थी। पोल खुली तो पता लगा कि अब तक करोड़ का कारोबार समाज के यह दुश्मन कर चुके थे। छापे के दौरान नकली दवाई और कैप्सूल्स व लाखों की मशीन बरामद की गई। दिल्ली की एक फार्मास्यूटिकल कंपनी की शिकायत पर पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई और बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। आम आदमी के स्वास्थ्य से खिलवाड़ के इस कारोबार में नकली दवा के सौदागर इतनी अकाल संपत्ति जोड़ चुके हैं की न केवल एक करोड रुपए की रेंज रोवर गाड़ी में घूमते हैं बल्कि करोड़ों रुपए की जमीन के मालिक भी बन गए हैं। हरिद्वार एवं देहरादून से चलने वाले इस कारोबार को न केवल उत्तराखंड बल्कि देश के दूसरे राज्यों में भी संचालित किया जा रहा था। आसानी से समझा जा सकता है कि करोड़ों रुपए की गाड़ी में घूमने वाले यह सौदागर नकली दवा के कारोबार में कितना पैसा कमा रहे होंगे? यदि असली मूल कंपनी द्वारा शिकायत ना की गई होती तो शायद यह काला कारोबार बेखौफ चलता ही रहता। आरोपियों ने फार्मा कंपनी चलाने के लिए ड्रग लाइसेंस तक प्राप्त कर रखा है। जांच एजेंसी यदि गंभीरता के साथ अब इस कंपनी का इतिहास टटोलती है तो पता चलेगा कि नकली दवा का यह कारोबार दिल्ली, लखनऊ और कोलकाता के अलावा अन्य प्रदेशों में भी फैला हुआ मिल सकता है। जाहिर है इन लोगों से दवाई खरीदने वाले कारोबारियों को भी कहीं ना कहीं इस फर्जीवाड़े की जानकारी जरूर रही होगी और पाप की इस कमाई में हर कोई मोटा कमाने के लिए आम लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने में कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा था। अब सवाल यह उठता है कि क्या यह लोग मात्र मुकदमेबाजी तक सीमित रह जाएंगे या ऐसे लोगों का नेक्सस तोड़ने के लिए उत्तराखंड पुलिस इनकी जड़ों को भी खोदेगी। औषधि विभाग का इस मामले में क्या लक्ष्य होगा यह बेहद जरूरी है क्योंकि इन सफेदपोश कारोबारियों के पास ड्रग्स लाइसेंस भी है जो किस आधार पर जारी किया गया इसकी भी जांच बेहद जरूरी है। निश्चित तौर पर ऐसे लोग समाज के सबसे बड़े दुश्मन है और उनकी तुलना किसी दुर्दांत हत्यारे से कम नहीं की जा सकती।

# गाजा पट्टी के पेच–ओ–खम और गंगा आरती

**हमास–इजराइल संघर्ष में अब तक हज़ारों लोग मारे जा चुके हैं, हज़ारों जख़्मी हैं और हज़ारों घर उजड़ चुके हैं। हमास हमले के दो दिन बाद हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में जैसे ही यह प्रस्ताव पारित हुआ कि पार्टी फ़लस्तीन–मुद्दे के साथ है और मानती है कि इजऱाइल और फ़लस्तीन को अपने विवाद आपसी बातचीत से हल करने चाहिए, 'अक़्ल के अंधे' कांग्रेस पर टूट पड़े। हल्ला शुरू हो गया कि राजनीतिक फ़ायदे उठाने के लिए अब कांग्रेस आतंकियों का समर्थन करने से भी बाज़ नहीं आ रही है, वह देशहित के ख़िलाफ़ जा रही है, वह भारत–सरकार से उलट रुख़ अपना रही है। तीन दिनों तक इस गलाफाडू शोर के बाद भारत–सरकार के विदेश मंत्रालय ने एक अधिकारिक बयान जारी कर कहा कि ''फ़लस्तीन और इजऱाइल को ले कर हमारी नीति दशकों से अविचल और स्थिर है। भारत हमेशा से मानता है कि इजऱाइल की बगल में; मान्यता प्राप्त और सुरक्षित सरहदों के भीतर; सार्वभौम, स्वतंत्र और सक्षम फ़लस्तीन राष्ट्र की स्थापना का मसला आपसी बातचीत से हल होना चाहिए। आज भी हम इसी नीति पर कायम हैं।''मैं अवाक हूं। मेरी समझ में ही नहीं आ रहा है कि क्या नरेंद्र भाई की सरकार आतंकियों के समर्थन में खड़ी हो गई है? क्या अब 'हिंदू तन–मन, हिंदू जीवन' के तरन्नुम पर तैर रही कर्तव्यबद्ध कतार फ़लस्तीन के समर्थन में गंगा आरती करेगी?**

**पंकज शर्मा**

इजऱाइल के प्रधानमंत्री बैंजामिन नैतन्याहू चूंकि घोर दक्षिपंथी हैं और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई के वे बड़े नज़दीकी मित्र माने जाते हैं, सो, हिंदुत्ववादी कर्तव्यबद्ध हैं कि इजऱाइल के समर्थन में गंगा आरती करें।ज्हमासी–वहशीपन और फ़लस्तीनी–सरोकार के घालमेल की साज़िशों में मत फंसिए। इसलिए कि आज के भेडिय़ा धसान दौर में कोई आपको यह नहीं बताएगा कि पिछले शनिवार को शुरू हुए दुर्भाग्यपूर्ण युद्ध से पहले फ़लस्तीन और इजऱाइल के बीच 26 बार बड़े युद्धनुमा संघर्ष हो चुके हैं। यह 27वां है। कौन आपको यह बताएगा कि इनमें कितनी बार किस की पहलक़दमी रही?

मैं ने नरेंद्र भाई मोदी के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के लोगों को अस्सी घाट पर इजऱाइल की हिमायत में गंगा आरती करते देखा। पिछले शनिवार की पौ फटने के आसपास इजऱाइल पर हमास (हरकतुल मुकावमतुल इस्लामिया) के हमले ने दुनिया को तो जो हिलाया, सो, हिलाया; भारत में हिंदू हृदय सम्राट के सोच–हीन तरफ़दारों को भीतर तक ऐसा हिला दिया कि यह पूरा हफ़्ता हिल–हिल–हिल–हिल करता बीता है। वे भी, जिन्हें न फ़लस्तीन की अवधारणा मालूम, न इजऱाइल की संकल्पना का अता–पता, अपने मुखारबिंद से कुतर्कों का अनवरत पतनाला बहा रहे हैं।

एक वाहन पर रखे तकऱीबन निर्वस्त्र महिला के शव पर पैर पसारे बैठे हमास के हथियार लहराते पिशाचों की तस्वीर देख कर कौन नहीं हिल जाएगा? सब हिल गए। मैं भी उन सब में शामिल हूं। कौन इस दरिंदगी की ताईद कर सकता है? हमास के दस–पांच हज़ार दहशतगर्दों को छोड़ कर ख़ुद फ़लस्तीन के 50–60 लाख बाशिंदों में से एक भी इस बेहूदगी को ठीक नहीं ठहराएगा। इसलिए कि आखिऱ वे और उनकी औरतें–बच्चे बरसों–बरस से जितना भोग चुके हैं, जितना भोग रहे हैं, उसकी यादें ही उन्हें इस क़दर सिहरा देने को काफी हैं कि वे किसी और के साथ ऐसे ज़ुल्म की हिमायत कर ही नहीं सकते।

लेकिन ज़रा–सा मौक़ा मिलते ही अपनी भुजाएं फडक़ाना शुरू कर देने वाले बुद्धिहीन तन पिछले एक दशक में खर–पतवार की तरह तेज़ी से ऐसे पसरे हैं कि 'जय–जय श्रीराम' ही भारत के भाग्य की रक्षा करें। इजऱाइल के प्रधानमंत्री बैंजामिन नैतन्याहू चूंकि घोर दक्षिपंथी हैं और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई के वे बड़े नज़दीकी मित्र माने जाते हैं, सो, हिंदुत्ववादी कर्तव्यबद्ध हैं कि इजऱाइल के समर्थन में गंगा आरती करें। हमास के सुन्नी आतंकियों के लिए इससे बड़ा सबक क्या हो सकता है कि गाज़ा पट्टी से साढ़े चार हज़ार किलोमीटर दूर भारत में गंगा तट पर उनके विरोध में ताली–थाली बज रही है। लाइलाज़ बीमारियों से निपटने का यह अचूक नुस्ख़ा तीन–चार साल पहले ही हमारे हाथ में थमाया गया है।

हमास–इजऱाइल संघर्ष में अब तक हज़ारों लोग मारे जा चुके हैं, हज़ारों जख़्मी हैं और हज़ारों घर उजड़ चुके हैं। हमास हमले के दो दिन बाद हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में जैसे ही यह प्रस्ताव पारित हुआ कि पार्टी फ़लस्तीन–मुद्दे के साथ है और मानती है कि इजऱाइल और फ़लस्तीन को अपने विवाद आपसी बातचीत से हल करने चाहिए, 'अक़्ल के अंधे' कांग्रेस पर टूट पड़े। हल्ला शुरू हो गया कि राजनीतिक फ़ायदे उठाने के लिए अब कांग्रेस आतंकियों का समर्थन करने से भी बाज़ नहीं आ रही है, वह देशहित के ख़िलाफ़ जा रही है, वह भारत–सरकार से उलट रुख़ अपना रही है। तीन दिनों तक इस गलाफाड़ू शोर के बाद भारत–सरकार के विदेश मंत्रालय ने एक अधिकारिक बयान जारी कर कहा कि ''फ़लस्तीन और इजऱाइल को ले कर हमारी नीति दशकों से अविचल और स्थिर है।

भारत हमेशा से मानता है कि इजऱाइल की बगल में; मान्यता प्राप्त और सुरक्षित सरहदों के भीतर; सार्वभौम, स्वतंत्र और सक्षम फ़लस्तीन राष्ट्र की स्थापना का मसला आपसी बातचीत से हल होना चाहिए। आज भी हम इसी नीति पर कायम हैं।''

मैं अवाक हूं। मेरी समझ में ही नहीं आ रहा है कि क्या नरेंद्र भाई की सरकार आतंकियों के समर्थन में खड़ी हो गई है? क्या अब 'हिंदू तन–मन, हिंदू जीवन' के तरन्नुम पर तैर रही कर्तव्यबद्ध कतार फ़लस्तीन के समर्थन में गंगा आरती करेगी? या वह अपने नरेंद्र भाई की इस उलटबांसी के लिए उन्हें वैसे ही कोसना शुरू कर देगी, जैसे वह दो दिन पहले तक राहुल गांधी को धिक्कार–धिक्कार कर देशद्रोही बता रही थी? अरे, इन वैशाखनंदनों को कोई समझाए कि फ़लस्तीन–अस्मिता और हमास की उपस्थिति दो अलग–अलग चीज़ें हैं। फ़लस्तीन हमास नहीं है। हमास फलस्तीन नहीं है। वैसे ही जैसे कि हिंदू–अस्मिता और बजरंगदल की उपस्थिति दो अलग–अलग चीज़ें हैं। हिंदू–जीवन क्या बजरंगदली होना है? ऐसे ही फ़लस्तीनी होने का यह अर्थ कतई नहीं है कि आप अनिवार्य तौर पर हमासी हुड़दंगिए हैं। ऐसा मानना पूरे फ़लस्तीनी–मसले का अतिसामान्यीकरण करना होगा। क्या हम हमास के मुखिया इस्माइल अब्देल सलाम अहमद हनियेह को फ़लस्तीनी मुक्ति संगठन के मुखिया यासर अराफ़ात का भी पितृ–पुरुष मान लें? हमास तो आज यासर अराफ़ात द्वारा शुरू की गई शांति–वार्ताओं की पहल को भी नामंजूर करता अरी रहा है।

इसलिए हमासी–वहशीपन और फ़लस्तीनी–सरोकार के घालमेल की साज़िशों में मत फंसिए। इसलिए कि आज के भेडिय़ा धसान दौर में कोई आपको यह नहीं बताएगा कि पिछले शनिवार को शुरू हुए दुर्भाग्यपूर्ण युद्ध से पहले फ़लस्तीन और इजऱाइल के बीच 26 बार बड़े युद्धनुमा संघर्ष हो चुके हैं। यह 27वां है। कौन आपको यह बताएगा कि इनमें कितनी बार किस की पहलक़दमी रही? कौन आपको यह बताएगा कि पिछले कई दशकों में हुई इन हिंसक घटनाओं में कितने फ़लस्तीनी मारे गए और कितने इजऱाइली? इनमें कितनी फ़लस्तीनी औरतों ने असहनीय अत्याचार झेले और कितनी इजऱाइली औरतों ने? युद्ध की त्रासदियों का पैमाना यह नहीं होता है कि किस तरफ़ के कितने लोग मारे गए, किस तरफ़ के कितने परिवार उजड़े, मगर फिर भी यह समझ लेने में कोई बुराई नहीं है कि इजऱाइल और फ़लस्तीन के बीच हुए अब तक के संघर्षों में ज़्यादती हर लिहाज़ से फ़लस्तीन के साथ ही होती रही है। इसलिए किसी एक ताज़ा घटना से अंतिम निष्कर्षों पर पहुंच जाना ठीक है। गाज़ा पट्टी की पेचीदगियों को मोशे दायां की तरह एक आंख पर पट्टी बांध कर देखने से तो सारे दृश्य ही गड्डमड्ड हो जाएंगे।

आपको भी मेरी तरह लगता होगा कि बैंजामिन नेतन्याहू हमारे नरेंद्र भाई के व्लादिमिर पुतिन से तो ज़्यादा ही क़रीबी हैं। तो जब नरेंद्र भाई रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध, चंद घंटों के लिए ही सही, रुकवा सकते हैं तो इजऱाइल को गाज़ा पट्टी पर कुछ दिनों के लिए थोड़ा रहम करने को क्यों नहीं कह सकते हैं? मैं तो मानता हूं कि रूस–यूक्रेन युद्ध में नरेंद्र भाई शांतिदूत की कोई कारगर भूमिका कभी निभा पाएं, न निभा पाएं, इजऱाइल–फ़लस्तीन मसले में शांति स्थापना की प्रभावी कोशिशें वे सचमुच कर सकते हैं। उनके सऊ्दी अरब से भी अच्छे संबंध हैं और ईरान से भी। कतर से ले कर लेबनान, बहरीन, मोरक्को, टर्की, यमन, टयूनीशिया, कुवैत झ आखिऱ कौन है, जो नरेंद्र भाई को नकार देगा? संयुक्त अरब अमीरात से तो नरेंद्र भाई जैसा कहेंगे, सब मान लेंगे। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में ख़ुद पीछे–पीछे आ कर नरेंद्र भाई से मुख़ातिब होने की हुलस रखने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इजऱाइल–फ़लस्तीन मामले में क्या उनकी बात टाल देंगे?

मैं यह सब सचमुच पूरी संजीदगी से कह रहा हूं। जो मौक़ा नरेंद्र भाई के पास है, वह शायद ही पहले किसी प्रधानमंत्री के पास था। फ़लस्तीन–प्रसंग में भारत को ले कर इजऱाइल हमेशा से शंकालु ही रहा आया है। पर आज इजऱाइल के भारत पर भरोसे का स्वर्ण–युग चल रहा है।

ऐतिहासिक कारणों की वज़ह से फ़लस्तीन को भी इस दौर में भारत पर कोई संदेह नहीं है। ऐसे में गाज़ा पट्टी की रस्सी पर नरेंद्र भाई का संतुलित प्रस्थान भूमध्य सागर के दक्षिण पूर्वी छोर पर अमन के आगाज़ का नया अध्याय आरंभ कर सकता है। सोचिए, नरेंद्र भाई, सोचिए!

# कांग्रेस प्रादेशिक नेताओं के भरोसे

**हरिशंकर व्यास**

कांग्रेस हर राज्य में चेहरा प्रोजेक्ट करके लड़ रही है। कांग्रेस ने सिर्फ चेहरा प्रोजेक्ट नहीं किया है, बल्कि सब कुछ प्रदेश नेताओं के हवाले छोड़ा है। टिकट तय करने से लेकर चुनाव से पहले योजनाओं की घोषणा करने का मामला हो या प्रचार की रणनीति का मामला हो, सब पार्टी के प्रादेशिक नेता कर रहे हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता सिर्फ प्रचार और रैलियों के लिए जा रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि कर्नाटक की सफलता से उत्साहित कांग्रेस ने यह रणनीति अपनाई है। वहां कांग्रेस ने सब कुछ सिद्धरमैया और डीके शिवकुमार के ऊपर छोड़ा था, जिन्होंने कांग्रेस को बड़ी जीत दिलाई।

मध्य प्रदेश कुछ हद तक अपवाद हो सकता है क्योंकि पिछली बार भी चुनाव से पहले ऐसा मैसेज बन गया था कि पार्टी जीती तो कमलनाथ मुख्यमंत्री होंगे। लेकिन राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सब कुछ ओपन था। राजस्थान में सचिन पायलट प्रदेश अध्यक्ष थे और जयपुर से लेकर दिल्ली तक पत्रकार लिख रहे थे कि कांग्रेस जीती तो सचिन मुख्यमंत्री होंगे। हालांकि चुनाव लड़ाने में अशोक गहलोत, सचिन पायलट और पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व में समान भूमिका निभाई थी। इसी तरह छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल प्रदेश अध्यक्ष थे लेकिन यह किसी को पता नहीं था कि पार्टी जीती तो वे मुख्यमंत्री होंगे। क्योंकि टीएस सिंहदेव और ताम्रध्वज साहू दो अन्य बड़े दावेदार थे। लेकिन इस बार सब कुछ उलटा हो रहा है। इस बार तीनों राज्यों में कांग्रेस ने सब कुछ चुनिंदा चेहरों के हवाले छोड़ा है।

राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सब कुछ संभाले हुए हैं। इस साल बजट के बाद से उन्होंने इतनी घोषणाएं की हैं और इतनी योजनाएं शुरू कर दी हैं कि समूचा चुनावी परिदृश्य बदल दिया है। चुनाव की घोषणा से दो दिन पहले उन्होंने जाति गणना कराने का आदेश देकर ओबीसी कार्ड भी बखूबी खेला है। कांग्रेस का पूरा चुनाव एक तरह से वे संभाल रहे हैं। उधर मध्य प्रदेश में पार्टी ने कमलनाथ के नाम की घोषणा है। पार्टी के राष्ट्रीय नेता भी कह चुके हैं कि कांग्रेस जीती तो वे सीएम होंगे। वे अपने हिसाब से सब कुछ कर रहे हैं और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के साथ उनका परफेक्ट तालमेल दिख रहा है। दोनों मिल कर चुनाव लड़वा रहे हैं। कमलनाथ अपने हिसाब से नरम हिंदुत्व का एजेंडा चला रहे हैं। वे हिंदुत्व को लेकर किसी तरह का विवाद नहीं होने देना चाहते हैं। तभी कहा जा रहा है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की भोपाल में प्रस्तावित पहली रैली इसी वजह से रद्द करनी पड़ी।



**कांग्रेस का पूरा चुनाव एक तरह से वे संभाल रहे हैं। उधर मध्य प्रदेश में पार्टी ने कमलनाथ के नाम की घोषणा है। पार्टी के राष्ट्रीय नेता भी कह चुके हैं कि कांग्रेस जीती तो वे सीएम होंगे। वे अपने हिसाब से सब कुछ कर रहे हैं और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के साथ उनका परफेक्ट तालमेल दिख रहा है। दोनों मिल कर चुनाव लड़वा रहे हैं। कमलनाथ अपने हिसाब से नरम हिंदुत्व का एजेंडा चला रहे हैं। वे हिंदुत्व को लेकर किसी तरह का विवाद नहीं होने देना चाहते हैं। तभी कहा जा रहा है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की भोपाल में प्रस्तावित पहली रैली इसी वजह से रद्द करनी पड़ी।**

उधर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने सब कुछ भूपेश बघेल के ऊपर छोड़ा है। उन्होंने भी इस साल बजट के बाद अनगिनत योजनाएं घोषित की हैं। उन्होंने भी नरम हिंदुत्व का रास्ता चुना है। गाय, गोबर पर वे भाजपा से ज्यादा सक्रिय हैं। राम वन गमन पथ की परियोजना पर भी उनकी सरकार काम कर रही है। हालांकि पार्टी का अंदरूनी विवाद खत्म करने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने टीएस सिंहदेव को उनका उप मुख्यमंत्री बनाया है लेकिन फैसले सारे बघेल ही कर रहे हैं।

उम्मीदवार चयन से लेकर चुनावी एजेंडे तक में उनकी भूमिका अहम है। इसी तरह तेलंगाना में कांग्रेस ने सब कुछ प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी के ऊपर छोड़ा है। उम्मीदवारों के नाम की छंटनी करने से लेकर प्रचार का एजेंडा तय करने और रैलियों आदि का काम सब कुछ उनके जिम्मे है।

वे कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के साथ मिल कर पार्टी को तेलंगाना में चुनाव लड़ा रहे हैं।

# जान लीजिए हाथ धोने का सही तरीका, वरना हो जाएंगे गंभीर बीमारी के शिकार



जैसा कि आपको पता है हाथ धोना स्वास्थ्य के हिसाब से कितना जरूरी है. कोरोनावायरस महामारी जब तेजी से फैल रहा था. तब भी डॉक्टर यही निर्देश दे रहे थे कि समय–समय पर हाथ धोते रहिए. अगर आप समय–समय पर हाथ धोते हैं तो आप कई तरह की बीमारी से बचे रहेंगे. ऐसे में सबसे जरूरी यह जानना है कि हाथ धोने का सही तरीका क्या है? हाथ में कई सारे जर्म्स छिपे होते हैं जो हमें पता भी नहीं चलता है और वह खाने के साथ हमारे पेट के अंदर चला जाता है. ऐसे में सबसे जरूरी है कि हाथ को साफ रखा जाए.

कब–कब हाथ धोना चाहिए?

**खाने से पहले**

प्रत्येक भोजन से पहले, अपने हाथों से मुंह में बैक्टीरिया के स्थानांतरण को रोकने के लिए अपने हाथों को साफ करें.

**शौचालय का उपयोग करने के बाद**

यह महत्वपूर्ण है. किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करने के लिए अपने हाथ अच्छी तरह धोएं.

**छींकने या खांसने के बाद**

रोगाणु बूंदों से फैलते हैं. खांसने या छींकने के बाद दूसरों और खुद की सुरक्षा के लिए अपने हाथ साफ करें.

पब्लिक प्लेस को छुने के बाद भी हाथ धोना है जरूरी

आप किसी पब्लिक प्लेस पर घूमने गए वहां के दरवाज़े के हैंडल, हैंडल और साझा वस्तुएं कीटाणुओं के लिए प्रजनन स्थल हैं. ऐसे संपर्क के बाद अपने हाथ साफ करें.

**हाथ कैसे धोएं?**

**अपने हाथ गीले करें**

अपने हाथों को गीला करने के लिए साफ, बहते पानी का प्रयोग करें. यह गर्म या ठंडा हो सकता है. तापमान उतना मायने नहीं रखता जितना संपूर्ण कवरेज.

**साबुन लगाएं**

हाथ की सभी सतहों को ढकने के लिए पर्याप्त साबुन का प्रयोग करें.

**अच्छी तरह से साफ़ करें**

अपने हाथों को हथेली से हथेली तक रगड़ें. अपने हाथों के पिछले हिस्से, अपनी उंगलियों के बीच और अपने नाखूनों के नीचे रगड़ें. ऐसा कम से कम 20 सेकंड तक करें.

**अच्छे से धोएं**

साबुन हटाने के लिए अपने हाथों को साफ, बहते पानी के नीचे रखें.

**ठीक से सुखा लें**

साफ तौलिये या एयर ड्रायर का प्रयोग करें. यदि आप तौलिए का उपयोग कर रहे हैं, तो अपने हाथों को जोर से रगडऩे के बजाय थपथपाकर सुखाएं.

**साथ ही यह काम करें**

**नाखून साफ रखें**

अपने नाखूनों को काटें और साफ रखें, क्योंकि उनमें गंदगी और कीटाणु हो सकते हैं.

**हैंड सैनिटाइज़र**

हालांकि वे सुविधाजनक हैं, फिर भी वे उचित हाथ धोने का विकल्प नहीं चुनते हैं. जब साबुन और पानी उपलब्ध न हो तो उनका उपयोग करें.

# वायु प्रदूषण की चुनौती

वैसे तो हवा में प्रदूषकों की मात्रा का 50 अंक से ऊपर जाना ही हानिकारक होता है, लेकिन यह 300 से ऊपर पहुंच जाए, तो फिर सांस लेना भी खतरनाक हो जाता है। दिल्ली में हर साल यह मात्रा 300 से ऊपर पहुंचती है।

दिल्ली और आसपास के इलाकों को इस वर्ष अब तक राहत महसूस हो रही थी। इस साल थोड़े–थोड़े अंतराल पर पर्याप्त बारिश होती रही, जिससे कई वर्षों से चली आ रही वायु प्रदूषण की समस्या यहां के लोगों को नहीं झेलनी पड़ी। लेकिन अक्टूबर आते ही फिर से वायु प्रदूषित होने की खबरें आने लगीं। यह चिंता इस हफ्ते सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची है। तो न्यायायल ने वायु प्रदूषण प्रबंधन आयोग से हवा साफ रखने के लिए उठाए गए कदमों पर जवाब मांगा है। कोर्ट ने पराली जलाने और अन्य कारणों से होने वाले प्रदूषण के बारे में न्यामित्र के रूप में सुप्रीम कोर्ट की सहायता कर रही वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह की दलीलों को सुना। कोर्ट को बताया गया कि ठंड की शुरुआत और दीवाली आने के साथ ही वायु प्रदूषण की समस्या और बढऩे वाली है। इसके संकेत पहले से मिल रहे हैं। इस बीच दिल्ली सरकार ने शीतकालीन कार्ययोजना के तहत सात अक्टूबर से सात नवंबर तक एंटी डस्ट कैंपेन की शुरूआत की है।

बहरहाल, पराली जलाने की समस्या का कोई समाधान अभी सामने नहीं है। खेतों से फसल काट लेने के बाद पराली को जलाना पंजाब और हरियाणा सहित कई दूसरे राज्यों में भी आम बात है। इसका धुआं दूर–दूर तक फैलता है। इसके अलावा बिना पूरे एहतियाती उपाय किए निर्माण कार्य जारी रहने के कारण हवा में धूल मिलती है। ऊपर से ठंड के कारण धुंध उन पर आ बैठती है। निर्माण के कारण उडऩे वाली धूल, गाडिय़ों से निकला धुआं और खेतों में पराली जलने से उठा धुआं स्मॉग की चादर निर्मित करते हैं।

# टेंशन और निगेटिविटी से रहना है दूर तो घर पर पाल लें कुत्ता, हैरान कर देने वाले हैं कई फायदे

घर पर कुत्ता पालना बहुत से लोगों का शौक होता है. बहुत से लोग डॉगी के साथ ही अपना काफी समय बिताते हैं. क्या आप जानते हैं कि घर पर कुत्ता पालना आपकी सेहत के लिए कितना फायदेमंद है. दरअसल, कुत्ता वफादार तो माना ही जाता है सेहत के लिए लाभकारी भी माना जाता है. एक्सपर्ट्स इसके कई फायदे बताते हैं. तो चलिए जानते हैं घर पर कुत्ता पालने से सेहत (क्द्गद्ग छ्शद्द स्र्रशह्ल् ॥ह्वद्दुठ्ठ ॥द्दड्डद्यह्लद्ध) को किस तरह के और क्या–क्या फायदे होते हैं...

**नेगेटिविटी की छुट्टी**

कहा जाता है कि घर में कुत्ता पालने से दिमाग में निगेटिव थॉट्स नहीं आते हैं. अगर आसपास डॉग है तो आपका ध्यान उसी पर रहता है और निगेटिव इमोशंस पास नहीं फटकते हैं. कुत्ता या पैट पर आपका फोकस डर को दूर करता है और निगेटिव विचारों को बदलने का काम करता है. कुत्ते के साथ खेलना भी फायदेमंद माना जाता है.

**तनाव से मिलेगा छुटकारा**

घर पर अगर कुत्ता पाल रखा है तो तनाव आपसे दूर ही रहता है. दरअसल, कुत्ता पास रहने पर बहुत से लोग उसके साथ ही ज्यादातर टाइम बिताते हैं, ऐसे में ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं पड़ती और ध्यान टेंशन बढ़ाने वाली चीजों पर नीहं जाता है. इस कारण काफी हद तक तनाव कम हो जाता है.

**वजन कम करे**

एक्सपर्ट्स मानते हैं कि घर में डॉग पालने से वजन भी तेजी से कम होता है. जब आप उसे घुमाने के लिए डेली बाहर लेकर जाते हैं तो काफी देर तक आपका वॉक भी हो जाता है. इससे आपका खाना पच जाता है और वजन तेजी से कंट्रोल होता है.

**हेल्दी और फिट बनाए**

एक्सपर्ट का मानना है कि एक हफ्ते में कम से कम तीन घंटे एक्सरसाइज तो करनी ही चाहिए. इससे सेहत शानदार बनती है. एक्सरसाइज हमें फिट भी रखने का काम करता है. जो लोग घर में कुत्ता रखते हैं, वे उसे घुमाने भी जरूर लेकर जाते हैं. उसके साथ भागते–दौड़ते हैं. इससे उनका वर्कआउट हो जाता है और वे फिट रहते हैं.

**कैंसर का संकेत मिल सकता है**

एक्सपर्ट्स के अनुसार, घर में कुत्ता पालने से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का पता भी आसानी से चल सकता है. एक रिसर्च में पाया गया है कि सूंघने की शक्ति ज्यादा होने के चलते कुत्ता कैंसर को काफी पहले ही सूंघ सकता है. इससे सही समय पर कैंसर का पता कर उसका इलाज हो सकता है. इसलिए कुत्ता पालने से कई तरह के फायदे हो सकते हैं.

# पहले नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने किया माँ शैलपुत्री की पूजा—अर्चना



देहरादून। शरद नवरात्र के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर मां भगवती के दर्शन कर परिवार की खुशहाली की कामना की। वहीं घरों में लोगों ने पहला नवरात्र धूमधाम से मनाया, घरों में पूजा अर्चना के साथ हरियाली बोई गई व व्रत रख कर माता का गुणगान कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। शरद नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं ने माता भगवती की अराधना की। घरों में लोगों ने पूजा अर्चना के साथ घट स्थापित कर हरियाली बोई व व्रत रखकर माता का गुणगान किया। वहीं मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जाकर माता भगवती के दर्शन कर परिवार की खुशहाली की कामना की। पहला नवरात्र होने के कारण मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे व माता की पूजा अर्चना की। लंढौर सनातन धर्म मंदिर, कुलड़ी राधाकृष्ण मंदिर, लाइब्रेरी लक्ष्मी नारायण मंदिर, कैमलबैक मां दुर्गा मंदिर सहित अन्य मदिरों में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने जाकर माता के दर्शन किए। वहीं माता सुरकंडा के मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

## हीना पार्किंग निर्माण में अवैध खनन और भंडारण की शिकायत

उत्तरकाशी। पर्यटन केन्द्र हिना के पास स्थित पार्किंग स्थल पर अवैध खनन कर भंडारण का मामला सामाने आया है। यहां पार्किंग का निर्माण कार्य कर रही कार्यदायी संस्था लघु सिंचाई विभाग की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े हुए हैं। बिना अनुमति के खनन कर मिट्टी, पत्थर व बजरी एकत्रित कर राजस्व के क्षति को लेकर मनेरी पुलिस ने डीएम को पत्र लिखकर जांच करने की मांग की है। इधर, मामला संज्ञान में आते ही डीएम अभिषेक रूहेला ने एसडीएम भटवाड़ी को मौके पर जांच करने के निर्देश दिए हैं। मामला गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हीना का है। जहां चारधाम पर आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए इन दिनों लघु सिचांई विभाग की ओर से पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। जिस पर स्थानीय लोगों सहित मनेरी पुलिस ने सवाल खड़े किए हैं। थानाध्यक्ष मनेरी अजय सिंह ने जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला को एक पत्र प्रेषित किया। जिसमें उन्होंने अवगत कराया कि हीना (पर्यटन केन्द्र के पास) कार्यदायी संस्था के ठेकेदार द्वारा 250 डम्फर मिट्टी व पत्थर एकत्र किये गये हैं।

# ओवर ऑल चैपियनशिप एलन हाउस ने जीती

देहरादून। वाइनबर्ग एलन स्कूल में 132वीं वार्षिक इंटर–हाउस एथलेटिक्स मीट 2023 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा बतौर मुख्य अतिथि भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल अकादमी के उपनिदेशक एवं उप महानिरीक्षक प्रशिक्षण राजेश शर्मा ने की। प्रतियोगिता में ओवर ऑल चैपियनशिप एलन हाउस बना। प्रतियोगिता के दौरान कई रिकार्ड बने। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ वाइनबर्ग–एलन के बैंड द्वारा बजाई गई मार्चिंग धुनों पर सभी चारों सदनों ने भव्य मार्च पास्ट किया जिसकी सलामी मुख्य अतिथि डीआईजी राजेश शर्मा ने ली। वहीं पूर्व छात्र अंकुर शर्मा ने खेलों की मशाल लेकर मैदान में घूमे व उसे प्रज्वलित किया। वहीं छात्रा स्कूल कप्तान व छात्र स्कूल कप्तान ओलिविया मैरी राज और ग्रंथ अरोड़ा ने भाग लेने वाले एथलीटों की ओर से शपथ ली। मार्च पास्ट के बाद मुख्य अतिथि ने मीट की शुरूआत की घोषणा की। व छात्रों को अपने संबोधन में उन्होंने छात्र छात्राओं को किसी भी कार्य में देश को सदैव पहले रखने पर जोर दिया। उन्होने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। वार्षिक मीट में कई नए रिकॉर्ड बने। एलन हाउस की शिवयाना केसी ने जूनियर वर्ग में 1.34 मीटर उंची कूद में नया रिकार्ड बनाया। कॉन्डन हाउस की ओलिविया मैरी राज ने 400 मीटर दौड़ सीनियर बालिका में 1मिनट12सेकेंड के समय के साथ एक नया रिकॉर्ड बनाया। पॉवेल हाउस की वेरोनिका जॉन और एलन हाउस के अर्नव प्रकाश जूनियर डिवीजन में, पॉवेल हाउस की मान्या रावत और इंटरमीडिएट डिवीजन में एलन हाउस के कृष्णा गुसाईं, सीनियर डिवीजन में कॉन्डन हाउस की ओइविया मैरी राज और एलन हाउस के अरिहंत ने व्यक्तिगत चैंपियनशिप जीती। मीट का समापन पर पूर्व छात्रों और वर्तमान स्टाफ के बीच रिले रेस आयोजित की गई। जिसमें छात्रों की मिश्रित टीम ने रेस जीती। मीट में कार्यक्रम देखने के लिए कई पूर्व छात्र, कर्मचारी और अभिभावक उपस्थित थे। मार्च पास्ट केक पॉवेल हाउस को प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ टर्न आउट केक का पुरस्कार कॉन्डन हाउस हाउस को दिया गया। टग–ऑफ–वॉर का विजेता एलन हाउस रहा।.फ़ोय हाउस को समग्र रिले विजेता घोषित किया गया। आशमान गोयल और शीन यूनुस को क्रमशः बालक व बालिकाओं की प्रतियोगिता में सबसे तेज़ धावक घोषित किया गया। सर्वश्रेष्ठ एथलीट बालिका वर्ग के लिए एलिजाबेथ डेवनपोर्ट ट्रॉफी कॉन्डन हाउस की ओलिविया मैरी राज को मिली और एलन हाउस के अरिहंत को छात्र वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट के लिए माइक हैरिसन ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। मीट में एलन हाउस को ओवरऑल चौंपियन घोषित किया गया। 1992 बैच के पूर्व छात्र अंकुर शर्मा ने विजेताओं को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की। इस मौके पर प्रधानाचार्य एल. टिंडेल ने सभी विजेताओं को बधाई दी और मीट के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में साढे छह सौ छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया व बताया कि 132वीं एथलीट प्रतियोगिता का आयोजन लगातार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता पूर्व में हो चुकी है और आगामी समय में मसूरी व देहरादून के विद्यालयों के साथ खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। विद्यालय का लक्ष्य स्वस्थ छात्र छात्राओं के साथ ही पढाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

## एक नजर

### चिन्यालीसौड़ में राइफलमैन विकास को श्रद्धांजलि दी

उत्तरकाशी। डीएम अभिषेक रूहेला ने कहा कि नगर निकायों में स्वच्छता एवं कूड़ा प्रबंधन के लिए की जाने वाली कार्रवाई पर अब एसडीएम को अध्यक्षता में गठित समिति भी नजर रखेगी। पहले चरण में जिला मुख्यालय पर इस व्यवस्था को लागू कर दस ऐसे संवेदनशील जगहों की निगरानी होगी जहां बड़ी मात्रा में कूड़ा फेंका जा रहा है। सप्ताह में इन जगहों की सफाई से पहले व बाद की जिओ टैग होगा। इसके बाद तस्वीरें लेकर सफाई व्यवस्था व कूड़ा फेंकने की प्रवृत्ति पर रोकथाम के लिए पालिका की कार्रवाईयों का अनुश्रवण किया जाएगा। जिला सभागार में गंगा स्वच्दता समिति की बैठक लेते डीएम अभिषेक रूहेला ने अधिकारिकहा कि नगर निकायों को डोर टू डोर कूड़ा संग्रह एवं स्रोत पर ही कूड़े की छंटाई पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने निकायों को कूड़ा संग्रह वाहनों का रूट चार्ट व टाईम टेबल पस्तुत करने की हिदायत देते हुए कहा कि कूड़ा फैलाने वाले लोगों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई कर अधिकाधिक चालान वसूलने की कार्रवाई की जाय। उन्होंने बैठक में नगर पालिका चिन्यालीसौड़ तथा नगर पंचायत गंगोत्री को छोड़कर अन्य निकायों के द्वारा चालान की कार्रवाई का ब्यौरा प्रस्तुत न किए जाने पर नारागजगी व्यक्त की और संबंधित ईओ को चेतावनी निर्गत किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में बैठक में सीडीओ गौरव कुमार, एडीएम तीर्थपाल सिंह,सहित डा. बीडी ढौडियाल, जेपी तिवारी, शैली डबराल, मयंक गर्ग,केएस चौहान, जसपाल चौहान,ईओ गंगोत्री कुसुम राणा, स्वजल के पर्यावरण विशेषज्ञ प्रताप मटूड़ा, गंगा विचार मंत्र के प्रदेश संयोजक लोकेन्द्र बिष्ट, एलपीएस परमार, अतोल सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने मांगा क्लीनिक और डॉक्टर का रिकॉर्ड

रुड़की। क्लीनिक में मरीज की मौत के मामले में पुलिस ने सीएमएस से कुछ बिंदुओं पर जानकारी मांगी है। क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन, डॉक्टर की डिग्री समेत कुछ जरूरी जानकारियां लेकर जांच को आगे बढ़ाया जाएगा। सिविल लाइन्स कोतवाली को आकाशदीप एनक्लेव निवासी रचना त्यागी ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि पति लवेश त्यागी की कमर में दर्द होने के कारण वह 10 अक्तूबर को उन्हें उपचार के लिए पाल क्लीनिक ले गई थी। जहां डॉ मनोज पाल ने अपनी पत्नी को उपचार करने के लिए लिए बोला। जिसके बाद सहायक सेंकी ने उसके पति के एक इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगने के बाद उसके पति को खून की उल्टी हुई। जिसके कुछ देर बाद ही उसके पति ने क्लीनिक में दम तोड़ दिया था। उप निरीक्षक बारू सिंह चौहान ने बताया कि डॉ. मनोज पाल और उनकी पत्नी, सहायक सेंकी निवासी पाल मेडिकोज मोहनपुर के खिलाफ धारा 304 के तहत मुकदमा पंजीकृत है।

# एसएफए चैम्पियनशिपः छठे दिन बास्केटबॉल, जूडो और शूटिंग प्रतियोगिताओं की हुई शुरूआत

–तकरीबन 70 टीमों ने कबड्डी में अंडर–17 गर्ल्स और अंडर–14 ब्वॉयज़ कैटेगरीज़ में गोल्ड के लिए मुकाबला किया ।
–छठे दिन चैस, फुटबॉल, हैण्डबॉल, कबड्डी और स्केटिंग के मैच जारी रहे ।
–फुटबॉल और वॉलीबॉल में रिकॉर्ड संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया ।



देहरादून। देहरादून में एसएफए चैम्पियनशिप के छठे दिन विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों की शानदार प्रतिभा और प्रतियोगिता देखने को मिली। जूडो, बास्कटबॉल और शूटिंग इस दिन के आकर्षण केन्द्र बन गए, पूरे राज्य से युवा एथलीट्स ने इन खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आज 70 टीमों ने कबड्डी में हिस्सा लिया तथा इस पारम्परिक खेल में अंडर–17 गर्ल्स एवं अंडर–14 ब्वॉयज़ कैटगरी में ज़बरदस्त जोश देखने को मिला। गर्ल्स अंडर–14 मैच में आचार्यकुलम विजेता रहा, वहीं सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल दूसरे स्थान पर रहा।

स्विमर्स ने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया, जहां डीएवी पब्लिक स्कूल, देहरादून से समृद्धि रावत ने गर्ल्स अंडर–12 50 मीटर फ्रीस्टाइल में गोल्ड जीता, वहीं एशियन स्कूल से भास्वत मित्रा ने अंडर–18 100 मीटर फ्रीस्टाइल में गोल्ड जीता। जूडो में भी रोमाचंक प्रदर्शन देखने को मिला, परेड ग्राउण्ड में अंडर–8 से अंडर–19 तक ब्वॉयज़ एवं गर्ल्स कैटेगरीज़ में शानदार प्रतिस्पर्धा हुई। मार्शल आर्ट के इस खेल ने ज़बरदस्त लोकप्रियता हासिल की और दर्शकों को बांधे रखा।

दर्शकों के एक और पसंदीदा खेल बॉस्केटबॉल की बात करें तो परेड ग्राउण्ड में अंडर–14 और अंडर–16 ब्वॉयज़ कैटेगरी तथा अंडर–14 से अंडर–18 गर्ल्स कैटेगरीज़ में मैच खेले गए। गर्ल्स अंडर–14 कैटेगरी में सेंट मेरी स्कूल, क्लेमेंट टाउन ने गोल्ड जीता, डीपीएसजी देहरादून ने सिल्वर जीता तथा सुभाष चन्द्रा बोस एकेडमी ने ब्रॉन्ज़ मैडल जीता।

जसपाल राना शूटिंग रेंज में शूटिंग प्रतियोगिताएं हुईं, अंडर–14 अंडर–17 कैटगरी में ब्वॉयज़ ने तथा अंडर–14 कैटेगरी में गर्ल्स ने शानदार प्रदर्शन किया। बॉक्सिंग में न्यू बीरशेबा पब्लिक स्कूल से जसपाल राना ने ब्वॉयज़ अंडर–19 (57–60 किलो) कैटेगरी में गोल्ड मैडल जीता, वहीं गैलेक्सियन इंटरनेशनल स्कूल से अदिती चांद ने गर्ल्स अंडर–19 (60–63 किलो) कैटेगरी में जीत हासिल की।

छठे दिन चैस, फुटबॉल, कबड्डी और स्केटिंग प्रतियोगिताएं जारी रहीं, विभिन्न आयुवर्गों के एथलेटिक्स ने अपने स्कूल को लीडरबोर्ड में टॉप पर लाने के लिए प्रतियोगिता की। वास्तव में फुटबॉल में 160 से अधिक टीमों ने गोल्ड के लिए मुकाबला किया। वहीं दूसरी ओर वॉलीबॉल पर भी सबकी निगाहें टिकी नहीं, 100 से अधिक टीमों ने इस खेल में हिस्सा लिया्

सतवें दिन चैस, जूडो और शूटिंग के फाइनल होंगे। अब तक का मुकाबला ज़बरदस्त रहा है और उम्मीद है कि फाइनल्स में भी युवा एथलीट्स की कड़ी मेहनत और समर्पण देखने को मिलेगा।

चैम्पियनशिप में रोज़ाना की समयसूची, हर खेल प्रतियोगिता के विस्तृत परिणाम हमारी आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध हैं।

# शादी का सीजन खुला, बाजारों में लौटी रौनक



रुद्रप्रयाग। शारदीय नवरात्र के साथ ही शादी–विवाह का सीजन खुलने से बाजारों में रौनक लौट आई है। सभी तरह की दुकानों में ग्राहकों द्वारा खूब खरीदारी की जा रही है। वहीं व्यापारियों का कहना है कि अब बाजार में कारोबार का सीजन आ गया है, जिससे व्यापारियों ने राहत की सांस ली है। बीते कई समय से बाजारों में अपेक्षा के अनुसार काम नहीं चल रहा था। वहीं नवरात्र शुरू होने पर भी मंदिरों के साथ ही नगर और गांवों में लोगों में उत्साह है। अक्तूबर शुरू होते ही जहां आम लोगों को शादी–विवाह के साथ ही नवरात्र को लेकर उत्साह रहता है। वहीं व्यापारी इस महीने से अच्छे व्यापार होने की उम्मीद लगाते हैं। श्राद्ध पक्ष समाप्त होते ही लोग नवरात्र एवं शादी–विवाह की तैयारियों में जुट गए हैं। नवरात्र के पहले दिन जहां देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ जमा रही, और बड़ी संख्या में लोगों ने मां के दर्शन कर खुश शांति की प्रार्थना की, वहीं बाजारों में शादी–विवाह को लेकर लोग जमकर खरीददारी करते देखे गए। व्यापारी दीवान सिंह, विक्रांत खन्ना, सुरेंद्र कप्रवान, चन्द्रमोहन गुंसाई, जितार जगवाण, विपिन वर्मा, राकेश वर्मा आदि ने कहा कि नवरात्र के साथ ही शादी–विवाह का सीजन शुरू होने से व्यापारियों को अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

## शहीद विक्रम नेगी स्मृति द्वार का हुआ लोकापर्ण

नई टिहरी, नरेन्द्रनगर विधानसभा के बिमाण गांव निवासी शहीद विक्रम सिंह के नाम से बने स्मृति द्वार का शहीद की पत्नी और भाजपा जिला मंत्री ने दीप प्रज्जवलित कर संयुक्त रुप से लोकार्पण किया।

बीते 15 अक्तूबर वर्ष 2021 को जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में दुश्मनों से लोहा लेते हुये बिमाण गांव के विक्रम सिंह नेगी शहीद हो गये थे। रविवार को शहीद के गांव में विक्रम सिंह के नाम से बने शहीद द्वार का लोकार्पण किया गया। शहीद की पत्नी पार्वती देवी तथा टिहरी सांसद प्रतिनिधि व भाजपा जिला मंत्री गजेन्द्र सिंह खाती ने शहीद के नाम से बने द्वारा का लोकार्पण किया। इस दौरान शहीद बेटे की याद में मां बिरजा देवी और पिता साहब सिंह नेगी की आंखे छलक आई।

## खेल महाकुंभ को लेकर हुई भाजयुमो की बैठक



रुड़की। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने खेल महाकुंभ को लेकर मासिक बैठक का आयोजन किया। बताया गया कि बूथ लेवल से लेकर मंडल स्तर तक के कार्यकर्ता खेल महाकुंभ में हिस्सा लेंगे। उसके बाद मंडल स्तर पर देश भर में कार्यक्रम किए जाएंगे। रविवार को लक्सर कस्बे में भाजपा युवा मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी ऋषभ पाल ने बताया कि भाजपा द्वारा आगामी दिनों में खेल महाकुंभ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें पहले मंडल स्तर पर खेलकूद होंगे। उसके बाद जिला स्तर व विजयी होने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश स्तर पर खेलने के लिए भेजा जाएगा। इसके लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया जा रहा है। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विक्रम भुल्लर ने सभी कार्यकर्ताओं को इसके लिए तमाम तैयारियां पूरी करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि खेलकूद का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। इससे हमारा शारीरिक विकास होता है। इसलिए खेलकूद में रुचि लेनी चाहिए।

# खेलों को बढ़ावा देने के लिए चमोली जिला प्रशासन की सराहनीय पहल





चमोली। खेलों को बढ़ावा देने और आम जनता में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चमोली जिला प्रशासन द्वारा खेल विभाग के माध्यम से वाइब्रेंट विलेजों में मनोरंजक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। वाइब्रेंट विलेज नीती, गमशाली, बांपा, फरकिया गांव में 14 से 15 अक्टूबर 2023 तक दो दिवसीय मनोरंजक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मेहरगांव से क्षेत्र पंचायत सदस्य लक्ष्मण सिंह ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मनोरंजक खेलकूद के तहत पुरूष एवं महिला वर्गो में नींबू दौड़, तीन टांग दौड़, रस्सी कूद, कुर्सी दौड़, रस्सा कस्सी, बोरा दौड़ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

**महिला वर्ग में आयोजित प्रतियोगिताएं**

1– महिला नींबू– चम्मच दौड़ में 35 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग लेकर ग्राम बाम्पा की मंजू पाल ने प्रथम फरकिया गांव की इंदु देवी ने द्वितीय तथा गमशाली की रानी देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

2– महिला वर्ग की तीन टांग दौड़ में 17 जोड़ियों ने भाग लेकर ग्राम गमशाली की मंजू देवी व रानी देवी ने प्रथम, चाम्पा की मंजू पाल व कलावती पाल की जोड़ी ने द्वितीय, गमशाली की उषा देवी व अंजलि देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



3– महिला वर्ग की रस्सी कूद प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों ने भाग लेकर ग्राम गमशाली की राजेश्वरी देवी ने प्रथम, ग्राम फरकिया की दिव्या देवी ने द्वितीय, ग्राम गमशाली की अंजलि देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

4– महिला वर्ग की कुर्सी दौड़ में 30 प्रतिभागियों ने भाग लेकर ग्राम बाम्पा की विमला देवी ने प्रथम, ग्राम गमशाली की राजेश्वरी ने द्वितीय, ग्राम फरकिया की दिव्या देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

5– महिला वर्ग की रस्सा कस्सी में 04 टीमों ने प्रतिभाग कर फाइनल में ग्राम गमशाली ने फरकिया गांव को पराजित कर महिला वर्ग की रस्सा कस्सी का खिताब अपने नाम किया। इससे पूर्व गमशाली ने बाम्पा को 2–0 से तथा फरकिया ने नीति को 2–0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

**पुरूष वर्ग में आयोजित प्रतियोगिताएं**

1– पुरुष वर्ग की कुर्सी दौड़ में 37 प्रतिभागियों ने भाग लेकर ग्राम फरकिया के लक्ष्मण सिंह व विक्रम सिंह ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय, ग्राम गमशाली के लक्ष्मण सिंह मार्तोलिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

2–पुरूष वर्ग की बोरा दौड़ में 35 प्रतिभागियों ने भाग लेकर ग्राम फरकिया के अभिषेक भूटानी ने प्रथम, ग्राम फरकिया के विक्रम रावत व विनोद भूटानी ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

3– पुरुष वर्ग की तीन टांग दौड़ में 15 जोडियों यथा 30 प्रतिभागियों भाग लेकर ग्राम फरकिया के विनोद नूटानी व अभिषेक की जोड़ी, लक्ष्मण सिंह रावत व अमन लाल की जोड़ी तथा संजय सिंह रावत व विक्रम रावत की जोड़ी ने क्रमशः प्रथम से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायकों की भूमिका में कमल किशोर सिंह, राकेश कुंवर, रघुनाथ बुटोला, जयदीप झिक्वाण, कुंवर सिंह भगत सिंह राणा, पुष्कर हिंदवाल, अनिल सिंह रहे।क्षेत्र पंचायत सदस्य लक्ष्मण सिंह, बांपा ग्राम प्रधान पीताम्बरी देवी एवं फरकिया ग्राम प्रधान बलवीर सिंह द्वारा विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने वाइब्रेंट विलेजों में मनोरंजक खेलकूद प्रतियोगिता कराने पर जिला प्रशासन का धन्यवाद किया।

# सिराज ने पाकिस्तान के खिलाफ पहला विकेट लेने का श्रेय रोहित, विराट के सुझावों को दिया



अहमदाबाद , चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ भारत की 7 विकेट की जोरदार जीत के दौरान सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक और कप्तान बाबर आजम के विकेट अहम साबित हुए।

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, जिन्होंने इन दोनों बल्लेबाजों को वापस भेजा, ने खुलासा किया है कि उनके द्वारा लिए गए पहले विकेट में कप्तान रोहित शर्मा और वरिष्ठ बल्लेबाज विराट कोहली की भूमिका थी, जिससे उन्हें बाबर का महत्वपूर्ण विकेट हासिल करने का आत्मविश्वास मिला । इससे पाकिस्तान की पारी के पतन की शुरुआत हुई। उन्होंने 2–50 के आंकड़े के साथ मैच समाप्त किया।

सिराज ने शफीक को एक ऐसी गेंद पर पगबाधा आउट किया जो ऊपर की ओर थी और उसे सामने फंसाने के लिए नीची रखी गई थी।

सिराज ने शनिवार को मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,अब्दुल्ला शफीक का विकेट एक योजना थी क्योंकि मैंने रोहित भाई से बात की थी मैंने पहले भी उन्हें बाउंसर फेंकी थी लेकिन वह बीच में फंस गए थे। फिर मैंने रोहित से कुछ देर बात की और वहां कुछ समय बिताया। उन्होंने सोचा कि मैं फिर से बाउंसर फेंकने जा रहा हूं। वह बैकफुट पर था और मैंने गेंद को ऊपर पिच किया और मुझे अच्छी सफलता मिली। सिराज को गेंद देने से पहले रोहित शर्मा और विराट कोहली ने चर्चा की, जिन्होंने भारत के लिए पहला विकेट लिया।

सिराज ने कहा कि उन दोनों से मिले सुझावों और प्रोत्साहन से न सिर्फ उन्हें बल्कि पूरी टीम को फायदा हो रहा है।

सिराज ने कहा, मैं क्या कह सकता हूं? आपको एक वरिष्ठ खिलाड़ी से जो भी बात (जानकारी) मिलती है, उससे पूरी टीम को मदद मिलती है; यह सिर्फ एक खिलाड़ी के लिए नहीं बल्कि पूरी टीम के लिए होती है। क्योंकि जब टीम जीतती है, तो सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, पूरी टीम जीतती है। इसलिए, अगर हर कोई अपना अनुभव साझा करता है, तो यह टीम के लिए मददगार है।

हैदराबाद के 29 वर्षीय तेज गेंदबाज को विश्व कप में अफगानिस्तान (0–76) और ऑस्ट्रेलिया (1–26) के खिलाफ पिछले दो मैचों में ज्यादा सफलता नहीं मिली, लेकिन सिराज ने कहा कि उन्होंने अपना आत्मविश्वास नहीं खोया। सिराज ने कहा, जब हम ऑफिस जाते हैं तो आपके पास भी एक दिन की छुट्टी होती है हर बार एक जैसा प्रदर्शन नहीं हो सकता, ग्राफ हमेशा नीचे आता है। इसलिए, मैं खुद से सोचता हूं कि मैं एक मैच के कारण बुरा गेंदबाज नहीं हूं। मैंने हमेशा अपना आत्मविश्वास ऊंचा रखा कि मेरी गेंदबाजी अच्छी है और मुझे नंबर एक गेंदबाज बनना चाहिए। यह आत्मविश्वास मुझे गेंदबाजी में मदद करता है और अगर मैं एक मैच हार जाता हूं तो मैं बुरा गेंदबाज नहीं बन सकता।

## एबेन्यो और अयाना ने जीती दिल्ली हाफ मैराथन

नयी दिल्ली, विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता डेनियल एबेन्यो और रियो ओलंपिक चैंपियन अल्माज अयाना ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां दिल्ली हाफ मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग की एलीट दौड़ जीती।

कीनिया के एबेन्यो ने पुरुष वर्ग में दौड़ 59 मिनट और 27 सेकंड में पूरी की। उन्होंने हमवतन चार्ल्स माटाटा (1:00:05) और इथियोपिया के अदिसु गोबेना (1:00:51) को पीछे छोड़ा।

महिला वर्ग में इथियोपिया की अयाना ने एक घंटे, सात मिनट और 59 सेकंड में दौड़ पूरी करके युगांडा की स्टेला चेसांग (1:08:28) और कीनिया की वियोला चेपनजेनो (1:09:09) को पीछे छोडक़र शीर्ष स्थान हासिल किया।

भारतीय खिलाड़ियों में अभिषेक पाल (1:04:08) और कविता यादव (1:17:42) ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में पहला स्थान हासिल किया।

# जीत की राह पकड़ने की कोशिश करेंगे ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका



लखनऊ, अपने पहले दोनों मैच में हार से आहत ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका वनडे विश्व कप में सोमवार को यहां जब एक दूसरे का सामना करेंगे तो उनका लक्ष्य एक दूसरे से बेहतर प्रदर्शन करके जीत की राह पर लौटना होगा।

यह दोनों टीम टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। ऑस्ट्रेलिया को जहां भारत और दक्षिण अफ्रीका से करारी हार का सामना करना पड़ा वहीं श्रीलंका की टीम दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान से हार गई थी।

पांच बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की टीम 10 टीमों की अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उसका नेट रन रेट –1.846 है। श्रीलंका –1.161 के नेट रन रेट के साथ सातवें स्थान पर है।

इन दोनों टीमों ने अभी तक टूर्नामेंट में तीनों विभाग में लचर प्रदर्शन किया है। ऑस्ट्रेलिया का खराब क्षेत्ररक्षण वास्तव में हैरान करने वाला है। उसने अभी तक दो मैच में छह कैच टपकाए हैं। यह टूर्नामेंट में अभी तक किसी भी टीम का सबसे खराब प्रदर्शन है।

उसकी गेंदबाजी में भी वह पैनापन नहीं दिखा जिसके लिए वह जाने जाते हैं। उसके बल्लेबाज भी नहीं चल पाए हैं और आलम यह है कि उसकी टीम अभी तक 200 रन की संख्या पर नहीं कर पाई है। पहले मैच में उसके बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों के सामने नहीं चल पाए जबकि दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने उनकी बखिया उधेड़ दी थी। खिलाड़ियों के चोटिल होने की समस्या से जूझ रहे श्रीलंका का आक्रमण कमजोर है और ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों के लिए लय हासिल करने का यह सुनहरा मौका होगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस मैदान पर एक मैच खेल चुकी है और उसको इसका भी फायदा मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने इस सप्ताह के शुरू में कहा था कि वह अपने गेंदबाजों को रोटेट नहीं करेंगे। इसका मतलब है कि वह तेज गेंदबाजी विभाग में कमिंस, जोश हेज़लवुड और मिशेल स्टार्क के साथ उतरेंगे जबकि स्पिन विभाग की जिम्मेदारी एडम जंपा और ग्लेन मैक्सवेल पर होगी। श्रीलंका की टीम भी अभी तक टूर्नामेंट में अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उसके बल्लेबाजों ने बेहतर खेल दिखाया है तथा पिछले दोनों मैच में 320 से अधिक का स्कोर बनाया लेकिन गेंदबाजी उसके लिए चिंता का विषय है।

# हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय शिविर के लिए 34 खिलाडियों का चयन किया



नयी दिल्ली, हॉकी इंडिया ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बेंगलुरु में 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए रविवार को 34 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की।राष्ट्रीय शिविर 22 अक्टूबर तक चलेगा जबकि महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 27 अक्टूबर से रांची में खेली जाएगी।यह प्रतियोगिता पहली बार भारत में आयोजित की जा रही है। भारत के अलावा इसमें मौजूदा चैंपियन चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीम हिस्सा लेगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत थाईलैंड के खिलाफ करेगा।भारत की मुख्य कोच यानिक शोपमैन ने कहा,अब हम ओलंपिक क्वालीफायर्स तक जो भी टूर्नामेंट खेलेंगे वह हमारे लिए महत्वपूर्ण होगा। इससे हमें एक टीम के रूप में सुधार करने का अवसर मिलेगा। हम एशियाई खेलों में टीम के प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे।

संभावित खिलाड़ी इस प्रकार हैंः

गोलकीपरः सविता, रजनी एतिमारपु, बिचू देवी, बंसारी सोलंकी।

डिफेंडरः दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता ढेकाले, ज्योति छेत्री, महिमा चौधरी।

मिडफील्डरः निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मरीना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी फाल्के, अजमीना कुजूर।

फॉरवर्डः लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो, ब्यूटी डुंगडुंग।

## शुभंकर का तीसरे दौर में लचर प्रदर्शन, संयुक्त 14वें स्थान पर खिसके

मैड्रिड, भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने तीसरे दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेल कर लचर प्रदर्शन किया जिससे वह एक्सियोना ओपन डी एस्पाना में संयुक्त दूसरे से संयुक्त 14वें स्थान पर खिसक गए।

शुभंकर ने पहले दो दौर में समान 66 का स्कोर बनाया था लेकिन तीसरे दिन वह संघर्ष करते हुए नजर आए। उन्होंने चार बर्डी बनाई लेकिन इस बीच तीन बोगी और एक डबल बोगी भी की।

तीसरे दौर के बाद शुभंकर का कुल स्कोर नौ अंडर है और उन्हें सत्र के आखिरी टूर्नामेंट डीपी वर्ल्ड टूर चैंपियनशिप में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए अच्छे परिणाम हासिल करने की जरूरत है।

भारत के एक अन्य खिलाड़ी मनू गंडास इससे पहले कट से चूक गए थे।

# पाकिस्तान के बल्लेबाज मेरी गेंदों को नहीं समझ पाए, स्वीप शॉट को लेकर भ्रम में थेः कुलदीप



अहमदाबाद, भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव का मानना है कि वह पाकिस्तान के बल्लेबाजों के दिमाग में भ्रम पैदा करने में सफल रहे, जिन्होंने शनिवार को यहां खेले गए विश्व कप मैच में उनकी गेंदों को समझे बिना जोखिम भरा स्वीप शॉट खेलने का प्रयास किया।

कुलदीप ने सौद शकील और इफ्तिखार अहमद के महत्वपूर्ण विकेट लिए। इन दोनों ने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर की गेंद पर स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में अपने विकेट गंवाए।

कुलदीप से पूछा गया कि क्या उन्होंने इफ्तिखार के पांव को निशाना बनाकर गेंदबाजी करने की रणनीति बनाई थी तो उन्होंने इसका दिलचस्प जवाब दिया।

कुलदीप ने भारत की सात विकेट से जीत के बाद संवाददाताओं से कहा,नहीं मैंने ऐसी योजना नहीं बनाई थी लेकिन मैं गुगली कर रहा था तो मैंने ऐसा प्रयास किया। वह थोड़ा शॉर्ट पिच गेंद थी जो बाहर जा रही थी और इस गेंद पर उसके लिए स्वीप करना मुश्किल था।

इफ्तिखार ने ऑफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद को स्वीप करने के प्रयास में अपने विकेटों में खेल दिया था।

कुलदीप ने कहा,यह विकेट मुझे भाग्य से मिला और इस तरह के विकेट से बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ता है। वे मेरी गेंद को नहीं समझ पाए और इसको लेकर भ्रम में थे कि वे मेरी गेंद पर स्वीप शॉट लगाएं या सामान्य बल्लेबाजी करें। मैं हालांकि उसे बेहतर तरीके से आउट करना पसंद करता। असल में कुलदीप को वह ओवर नहीं करना था और उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा से बात करने के बाद ही यह ओवर किया था।

कुलदीप ने कहा,मुझे लगा कि वे स्वीप शॉट खेलने का प्रयास करेंगे क्योंकि वे ऐसा करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने पहले कोई जोखिम नहीं उठाया लेकिन जब कप्तान से बात करने के बाद मुझे वह अतिरिक्त ओवर करने को मिला तो मैंने दोनों विकेट उस ओवर में लिए।

## फिल्मी दुनियां

# फिल्म सैम बहादुर से विक्की कौशल की झलक आई सामने, दिखा दमदार अवतार



विक्की कौशल को पिछली बार द ग्रेट इंडियन फैमिली में देखा गया था, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। आने वाले दिनों में विक्की एक से बढक़र एक फिल्मों में नजर आएंगे।

सैम बहादुर उनकी बहुचर्चित फिल्मों में शुमार है। फिल्म का टीजर 13 को भारत–पाकिस्तान क्रिकेट मैच के दौरान लॉन्च किया जाएगा। इससे पहले सैम बहादुर से विक्की का नया लुक जारी कर दिया है, जिसमें वह दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं।

विक्की ने इंस्टाग्राम पर सैम बहादुर से अपना लुक साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, एक अच्छे जीवन के लिए।सामने आए पोस्टर में बड़े–बड़े अक्षरों में जिंदगी उनकी, इतिहास हमारा लिखा है। सैम बहादुर का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है। इसमें फातिमा सना शेख और सान्या मल्होत्रा भी है।सैम बहादुर 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। टिकट खिडक़ी पर इस फिल्म का मुकाबला रणबीर कपूर की एनिमल से होगा।

सैम बहादुर में विक्की भारत के महानतम युद्ध नायकों में से एक सैम मानेकशॉ का जीवन पर्दे पर उतारने वाले हैं।1971 के भारत–पाक युद्ध में उनकी सैन्य जीत के कारण बांग्लादेश का निर्माण हुआ। 1972 में भारत सरकार ने उन्हें पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया।

1973 में मानेकशॉ को फील्ड मार्शल की उपाधि से नवाजा गया।1973 में सेना प्रमुख के पद से रिटायर होने के बाद वह वेलिंगटन चले गए, जहां 2008 में उनका निधन हो गया।

## फिल्म चंदू चैंपियन का नया पोस्टर जारी, कार्तिक आर्यन का दिखा धांसू अवतार

लाखों लड़कियों के क्रश बॉलीवुड के हैंडसम हंक एक्टर कार्तिक आर्यन एक बार फिर फैंस की धडक़नें तेज करने के लिए तैयार हैं। एक्टर जल्द ही फिल्म 'चंदू चैंपियन' में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर कार्तिक पहले से ही काफी एक्साइटेड हैं, क्योंकि हमेशा पर्दे पर रोमांस और कॉमेडी करने वाले कार्तिक इस बार इस फिल्म में लोगों को जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आने वाले हैं। कार्तिक आर्यन ने फिल्म 'चंदू चैंपियन' का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर के साथ कार्तिक ने खास मैसेज भी लिखा है, तो आइए आपको बताते हैं विस्तार सेकार्तिक आर्यन ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'चंदू चैंपियन' का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में कार्तिक एक्शन अवतार में नजर आ रहे। हाथों में गन ताने जंग के मैदान में कार्तिक पूरे जोश के साथ दुश्मनों पर फायरिंग करते हुए नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ एक्टर ने कैप्शन में लिखा है– '8 मिनट लंबा यह सिंगल–शॉट युद्ध दृश्य मेरे अभिनय करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण, शानदार और हां, कठिन लेकिन सबसे यादगार शॉट साबित हुआ।

# फिल्म गणपत का नया गाना जय गणेशा जारी, टाइगर श्रॉफ ने किया जबरदस्त डांस



बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ और एक्ट्रेस कृति सेनन की जोड़ी 'हीरोपंती' के बाद एक बार फिर से बड़े पर्दे पर लौटने के लिए तैयार है। विकास बहल के निर्देशन में बनी फिल्म 'गणपत' में दोनों बिल्कुल ही अलग किरदार में नजर आने वाले हैं। बता दें कि इस फिल्म के अब तक पोस्टर्स–टीजर और ट्रेलर मेकर्स रिलीज कर चुके हैं।

अब मेकर्स ने हाल ही में 'गणपत' का दूसरा गाना 'जय गणेशा' रिलीज कर दिया है, जिसमें टाइगर श्रॉफ 'गणपति बप्पा' की भक्ति में खोए हुए नजर आ रहें हैं। इससे पहले इस फिल्म के पहले गाने 'हम आए हैं' के पैपी गाने भी रिलीज हो चुका है।

आपको बता दें कि एक्टर टाइगर श्रॉफ को अब तक हमने कई गानों पर ग्रूव करते हुए देखा है। लेकिन इस बार 'गणपत' के इस नए गाने 'जय गणेश' में एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ का बिल्कुल ही अनदेखा अंदाज फैंस को देखने को मिल रहा है। 2 मिनट 33 सेकंड के इस गाने को सुनकर आप भी गणेशा की भक्ति में डूब जाएंगे।इस गाने की शुरुआत टाइगर श्रॉफ की धांसू एंट्री से होती है, जिसमें उन्होंने बाजू पर गणपति बप्पा का छोटा सा ब्रेसलेट बांधा हुआ है। गले में माला और धोती–कुर्ता पहने एक्टर टाइगर, बप्पा की बड़ी सी मूरत दर्शाते हैं। गाने की शुरुआत श्लोक 'वक्रतुंड महाकाय' से होती है,

# राम बनने के लिए मांस–मदिरा छोड़ेंगे रणबीर कपूर, रामायण से पहले होगी कठिन परीक्षा



बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर के सितारे चमक रहे हैं. एक्टर अपकमिंग फिल्म एनिमल के ट्रेलर के बाद से छाए हुए हैं. फिल्म में उनकी केमेस्ट्री साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के साथ काफी पसंद की जा रही है. इधर फैंस एनिमल के अलावा रणबीर को भगवान राम के किरदार में देखने के लिए भी काफी एक्साइटेड हैं. रणबीर और आलिया भट्ट का नाम साउथ फिल्म रामायण के लीड स्टार्स के रूम में शामिल हैं. काफी समय से रामायण की खबरें चल रही हैं.

इस बीच खबर आई है कि भगवान श्रीराम के किरदार के लिए रणबीर कठिन तपस्या से गुजर रहे हैं. एक्टर ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम बनने के लिए अपनी डाइट में भी बदलाव किया है.

साउथ की बड़े बजट की फिल्म रामायण में रणबीर कपूर भगवान राम का किरदार निभाएंगे. इस फिल्म के लिए रणबीर कड़ी मेहनत कर रहे हैं. खबर है कि फिल्म के लिए रणबीर ने मांस–मदिरा को भी त्याग दिया है. एक्टर नॉनवेज–ड्रिंक से दूरी बनाएंगे.

# टाइगर 3 में खतरनाक एक्शन करेंगी कैटरीना, दिखेगा धाकड़ अवतार



इन दिनों फिल्म टाइगर 3 चर्चा में है। जब से टाइगर का मैसेज के रूप में फिल्म का टीजर सामने आया है, दर्शकों में इसे लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। फिल्म से सलमान खान और कैटरीना कैफ का लुक भी सामने आ चुका है।हाल ही में फिल्म से कैटरीना की पहली झलक सामने आई थी। नए पोस्टर में कैटरीना का एक्शन अंदाज नजर आ रहा था।अब टाइगर 3 में उनके किरदार को लेकर रोचक बातें सामने आई हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, इस बार फिल्म में कैटरीना का किरदार जोया पहले से ज्यादा आक्रामक होगा।टाइगर की पिछली फिल्मों की तरह इस बार कैटरीना के हिस्से यहां–वहां कुछ एक्शन दृश्य नहीं, बल्कि उनके कंधों पर फिल्म की अच्छी खासी जिम्मेदारी होगी और वह भरपूर एक्शन करती नजर आएंगी। फिल्म में वह कई खतरनाक स्टंट करती दिखाई देंगी।किरदार की नई खूबियों के हिसाब से उनके लुक और कॉस्ट्यूम में भी बदलाव किए गए हैं। कैटरीना ने भी कहा है, मैंने स्पाई यूनिवर्स की हर फिल्म में अपने शरीर का इम्तिहान लिया है और टाइगर 3 में भी ऐसा ही है। हम एक्शन दृश्यों को अलग स्तर पर ले जाना चाहते थे। मैंने अपने शरीर पर काफी मेहनत की है और लोगों को यह दिखाई देगा। शारीरिक रूप से यह मेरी अब तक की सबसे चुनौतिपूर्ण फिल्म है।उन्होंने यह भी कहा कि जोया का किरदार निभाना उनके लिए सपने के सच होने जैसा है।

जयन्त

संस्थापक

नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और

सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित

RNI No.UTTHIN/2005/16338